During the Rig Vedic period, women were treated equally to their male counterparts in terms of status and position. Only married men with their spouses were permitted to perform religious rites on numerous occasions. Women have not only had equal position but have been described as more than the better half in the scriptures, a status that she has lost with the passage of time. In Vedic civilization, women were revered and valued not only as mothers who brought up new generations, but also as individuals with immense ability to see the truth and contribute greatly to human society. In the early Vedic period, women received adequate education. Women were free to choose their husbands and "Swayamvar" provide them with the choice. Even though the patriarchal system was prevalent in ancient India, women were treated with respect and devotion. There was abstract of women engaged in battle field in Rig Veda.

The Hindu faith has been attacked for increasing male-female inequity due to the detrimental status of women. This assumption is erroneous. Women were regarded as mother goddess (Shakti) in the Vedic Period (1500-1000 BC), a symbol of life with enormous ability for tolerance and sacrifice, and so they held a respectable place in society. Women were associated with property in the Epics and Puranas.

The purpose of this research is to provide a vivid picture of women in Vedic society.

66

Dharma in the Digital Era: Integrating Vedic Philosophy with AI Ethics

Sh. Shubham Upadhyay and Ms. Jiya Wadhwa
English Honors, Dyal Singh Evening College,
University of Delhi, Delhi
reenak_eng@dsce.du.ac.in

The rapid growth of technology and artificial intelligence (AI) raises significant concerns about its morality and the ethics of its use. As AI continues to impact our environment, it's crucial to combine timeless philosophical concepts with contemporary ethics. This research explores the intersection of Vedic philosophy and AI ethics, aiming to deepen our understanding of AI and its effect on society by examining ancient Indian knowledge. The paper shows how basic Vedic principles—like sustainability, social responsibility, and human well-being—can provide a framework for AI ethics. This study investigates how these concepts can be applied to modern AI's challenges, including data privacy and algorithmic bias.

The research aims to contribute to a more profound understanding and awareness of AI's role in society by integrating Vedic philosophy with AI ethics.

67
Inner freedom through Vedic knowledge : Relevance of Moksha in the Age of Materialism

Ms. Sneha Raj
Undergraduate Student, Dyal Singh Evening College, University of Delhi, Delhi
reenak_eng@dsce.du.ac.in

The Vedic knowledge system envisions life as a progressive journey through four aims (purusharthas): dharma (righteous duty), artha (material prosperity), Kama (desires), and ultimately moksha (liberation). Among these, moksha represents the highest pursuit—freedom from ignorance, ego, and attachment. Unlike the material gains of wealth or pleasure, moksha is an inner state of self-realization and harmony with the eternal truth. In today's world, marked by consumerism, competition, and material excess, the Vedic ideal of liberation provides a vital counterbalance. Modern society equates success with possessions and status, often neglecting inner peace and moral grounding. This paper explores how Vedic teachings on moksha—through self-discipline, meditation, and knowledge (vidya)—can address contemporary challenges such as stress, alienation, and moral decline. By highlighting the contrast between material accumulation and spiritual fulfillment, the study argues that moksha is not a rejection of life but a reorientation of priorities, where external progress is harmonized with inner growth. The relevance of this wisdom lies in its potential to reshape education and morality by reminding us that true freedom is not achieved by multiplying desires, but by mastering them. Thus, Vedic knowledge offers timeless guidance for cultivating inner freedom in an age dominated by materialism.

68
The Vedas and Psychology: Bridging Ancient Wisdom with Modern Healing

Ms. Tanya Jain
English Honors, Dyal Singh Evening College, University of Delhi, Delhi
reenak_eng@dsce.du.ac.in

Vedas that are part of our eternal being gives us lifelong lessons of fighting our body from mental illnesses such as depression and anxiety. Psychology being a modern science fights with all these things using clinical methods. In this modern world where people are forgetting about the Vedas they are the only one that cure many illness without the use of any medication. Modern psychology, as a scientific discipline, seeks to understand and treat mental illnesses through systematic methods such as therapy, counseling, and clinical interventions. While psychology provides structured techniques to address mental health concerns, it often remains rooted in observable behavior and cognitive processes. On the other hand Vedic practices emphasizes on meditation, mantra chanting, self-discipline, and living in dharma, which naturally protect individuals from mental disturbances like anxiety, stress, and depression. These teachings focus on strengthening the inner self and treating a particular illness without the use of any medication. In this rapid growing world people should understand the importance of Vedas in our lifestyle and adopt such units that will ensure their well being without being dependent on any foreign material. The purpose of this research is to provide the supreme authority of Vedic practices over modern clinical medication system.

69
Revisiting Vedic India: Lessons in Gender Neutrality for the Modern World

Ms. Vishnupriya and Ms. Bhumi Singh
English Honors, Dyal Singh Evening College, University of Delhi, Delhi
reenak_eng@dsce.du.ac.in

When we look back at our Vedic history we observe how women were put at a much higher regard than what we observe in today's patriarchal framework. She was free, she wasn't stripped off of any rights and she had autonomy over her decisions and way of life. Post Vedic phase however gradually eroded this beautiful equilibrium between the two genders. From being considered as an essential half of the society where Adishakti is the essence of the entire cosmic web to being reduced to a powerless section of society with diminished roles and lesser agency is a trajectory that's deeply disturbing. This research paper talks about the gender neutral society that was once the marker of the progressive nature of our earlier civilizations. This change we observe is linked to a series of historical disruptions starting from the medieval epoch. Be it the constant abductions and invasions by Mughals that curtailed their freedom and trapped them to be stuck in domestic spheres only or the concepts of social bifurcations and hierarchy introduced under the British rule that further reshaped and distanced women from the social and economical realms.

70
Dharma Centric Leadership

Sh. Zahir Abbass
English Honours, Dayal Singh Evening College, University of Delhi, Delhi
reenak_eng@dsce.du.ac.in

Dharma-centric leadership is a model of leadership guided by the principle of dharma, meaning duty, justice, and moral responsibility. It views leaders not as power-holders but as caretakers of the greater good. Rooted in ancient Indian wisdom, this approach stresses honesty, fairness, self-discipline, and compassion in decision-making. Unlike leadership styles focused mainly on profit or short-term results, dharma-centric leadership seeks balance between individual, social, and environmental needs. It argues that true progress is sustainable only when leaders act with integrity and place the welfare of others above personal or partisan interests. In today's world, this model provides an ethical alternative to corruption and material-driven governance, showing how ancient values can guide modern leadership challenges. By integrating timeless moral principles with contemporary contexts, dharma-centric leadership highlights the importance of vision, service, and responsibility in shaping organisations and societies that are both just and resilient.

HINDI ABSTRACTS

71

ज्ञान से तकनीक तक: वैदिक शिक्षा परंपरा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शैक्षिक प्रासंगिकता

डॉ. आलोक शर्मा

भारतीय विद्या भवन, विद्याश्रम, जयपुर

aloksharma9171@gmail.com

वैदिक शिक्षा आत्म-विकास, नैतिकता और सामाजिक कल्याण पर आधारित थी। एआई) AI) आधारित शिक्षा तकनीकी रूप से उन्नत और व्यक्तिगत है, परंतु नैतिकता एवं संवेदनशीलता की कमी है। तुलनात्मक दृष्टि - संजय दृष्टि → वर्चुअल रियलिटी । पुष्पक विमान → स्वायत्त वाहन। आत्मा–चेतना → मशीन कॉन्शसनेस। उद्देश्य वैदिक ज्ञान और एआई नैतिकता की तुलना। दोनों के समन्वय सेभविष्य की शिक्षाका मॉडल बनाना।

शोध प्रश्न-क्या एआई वैदिक शिक्षा जैसी मानवीय नैतिकता ला सकता है? क्या तकनीक और नैतिकता को मिलाकरसमग्र शिक्षादी जा सकती है? कार्यप्रणाली - गुणात्मक व तुलनात्मक दृष्टिकोण। साहित्य समीक्षा, केस स्टडी और साक्षात्कार। एआई तकनीकी दक्षता बढ़ाता है, परंतु नैतिक अधूरापन है। वैदिक मूल्य शिक्षा को मानवोन्मुखी और वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक बना सकते हैं। एआई को "सहायक गुरु"बनाकर यदि वैदिक नैतिकता से जोड़ा जाए तो शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य–ज्ञान, चरित्र निर्माण और समाज कल्याण–संभव है।

72

योगसूत्र-भाष्य में वर्णित ध्यान सिद्धांत तथा वैदिक साधनाओं की प्रासंगिकता : मनोवैज्ञानिक समस्याओं के निवारण में

सुश्री अमिता पाल

शोध छात्रा, संस्कृत, पालि, प्राकृत एवं प्राच्यभाषा विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय

palamita639@gmail.com

योगसूत्र-भाष्य का ध्यान सिद्धान्त और वैदिक साधनाओं का समावेश एक शक्तिशाली और कालजयी पद्धति है, जो व्यक्ति को विभिन्न मानसिक समस्याओं से मुक्त करती है और पूर्ण कल्याण (Wellbeing) की ओर ले जाती है। आधुनिक समय में मानव जीवन अत्यधिक भौतिकतावादी, प्रतिद्वन्द्वात्मकएवं तनावपूर्ण होता जा रहा है। चिन्ता, तनाव, एकाकीपन,भय जैसी समस्याएँ आधुनिक समाज की सामान्य प्रवृत्ति बन चुकी हैं। ऐसे परिवेश में भारतीय ज्ञान परम्परा के अन्तर्गत

वर्णित योगसूत्र-भाष्य में प्रतिपादित ध्यान सिद्धान्त चित्त के गहराई स्तरों पर कार्य कर मानसिक समस्याओं के मूल कारण अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश को दूर करता है। योगसूत्र-भाष्य के आलोक में ध्यान के अभ्यास से मानसिक शान्ति, सन्तुलन और एकाग्रता प्राप्त होती है। यह प्रक्रिया न केवल मानसिक शुद्धि लाती है, बल्कि मनोविकारों का प्रभावी निवारण भी करती है। इसी प्रकार वैदिक साधनाएँ जप, ध्यान, तप, यज्ञ, एवं स्वाध्यायमन की प्रसन्नता, आत्मसंयम, आत्मदर्शन और अन्तःशुद्धि का मार्ग प्रशस्त करती हैं। वैदिक साधनाएँ न केवल धार्मिक अनुष्ठान के रूप में, बल्कि मनोवैज्ञानिक उपचार के रूप में भी देखी जा सकती हैं, जो आज के युग में अत्यन्त वैज्ञानिक और प्रासंगिक है।

योगसूत्र-भाष्य में वर्णित ध्यान सिद्धान्त और वैदिक साधनाओं का सामञ्जस्य यह दर्शाता है कि भारतीय साधना-पद्धतियाँ केवल आध्यात्मिक उन्नति के लिए नहीं, बल्कि मानसिक शान्ति और तनाव मुक्ति के लिए एक वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक उपाय प्रदान करती हैं। इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य योगसूत्र-भाष्य के ध्यान सिद्धान्त और वैदिक साधनाओं का तुलनात्मक अध्ययन कर मानसिक आरोग्यता में इन साधनाओं की भूमिका का स्पष्ट विश्लेषण करना है।यह शोधाध्ययन ध्यान सिद्धान्त और वैदिक साधनाओं में सामञ्जस्य स्थापित कर आधुनिक समय में एक समग्र मानसिक स्वास्थ्य मॉडल (Holistic Mental Health Model) प्रस्तुत करेगा।

73

वेदों में शैक्षिक परिवेश के श्रेष्ठ सूत्रः वर्तमान में प्रासंगिकता

प्रो. अनिता खुराना

प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, नसीराबाद

khurana.anita55@gmail.com

वैश्वीकरण के युग में माननीय मूल्यों का क्षरण शिक्षाविदों के लिये गंभीर चिन्ता का विषय है। वैदिक वाङ्मय में शिक्षा शास्त्र के कई उपयोगी सूत्र हैं जो आज भी शैक्षणिक परिवेश को सुदृढ़ बनाने में महत्त्वपूर्ण है। अथर्ववेद में ब्रह्मचर्य सूक्त में शिक्षा के आदर्श और मूल्यों से सम्बद्ध प्रभूत सामग्री है। संपूर्ण आत्मिक शक्तियों का पूर्णता से विकास करने के उद्देश्य से ब्रह्मचर्य का अभ्यास शिक्षा का प्रधान आदेश है।

मेधाजनन—वैदिक शिक्षा का आदर्श बुद्धि (मेधाजननम् अथर्व 1.1) का संवर्धन है। धारणावती बुद्धि को मेधा कहते हैं। अथर्ववेद में उत्तम उपदेशक गुरु से प्रार्थना की गयी है कि वे शिष्य को आनन्दपूर्वक विद्या को पढ़ाये और उसका पढ़ा हुआ 'श्रुत' ज्ञान उसमें स्थिर रहे। आचार्य और शिष्य के सौहार्दपूर्ण संबंध को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है। श्रम और तप - वेदों में श्रम और तप को उद्देश्य प्राप्ति का परम साधन बताया गया है। तपस् का संरक्षण करने वाला ब्रह्मचारी छात्र ही तत्त्वज्ञान को प्राप्त करता है। शिक्षा का उद्देश्य - वैदिक शिक्षा का उद्देश्य छात्र गुरु के सान्निध्य में रहकर शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार का विकास करे। शरीर से वे स्वस्थ, बलवान, तेजस्वी बनें तथा मन, बुद्धि और आत्मा से दृढ़ संकल्पी, मेधावी, ज्ञानवान बनें। पाठ्य विषय - अथर्ववेद के ब्रह्मचर्य सूक्त में ब्रह्मचारी की ज्ञानाग्नि मे पृथ्वी, अन्तरिक्ष और द्यौ समिधा बनते हैं। अथर्ववेद में 21 (त्रि-सत्र) विद्याओं के पढ़ने का उल्लेख है। वैदिक पाठ्यक्रम में भौतिक विद्या तथा अध्यात्म विद्या

का समन्वय है। इस प्रकार यदि मनुष्य को मनुष्य बनाना है, राष्ट्र को उन्नत बनाना है, सुदृढ़, सुसंगठित समृद्ध राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करना हो तो हमें हमारी आधुनिक शिक्षा प्रणाली में वैदिक शिक्षा के श्रेष्ठ सूत्रों को अपनाना होगा।

74

पुराण साहित्य में वर्णित परिवार-भावना की प्रासंगिकता

डॉ॰ अनीता राजपाल

प्रोफेसर, संस्कृत-विभाग, हिन्दू-महाविद्यालय, दिल्ली-विश्वविद्यालय

anitabrajpal@gmail.com

भारत में परिवार एक ऐसा आश्रय है, ऐसा विश्राम-स्थल है, ऐसी आधारभूत सामाजिक संस्था है, जो केवल रक्त-सम्बन्ध पर आधारित नहीं है, अपितु माता-पिता, भाई-बहन, चाचा-चाची, दादा-दादी के अतिरिक्त सेवक, सेविकाएं एवं पालतू पशु-पक्षी, घर में लगाए पेड़-पौधे भी शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से सुरक्षित अनुभव करते है। शकुन्तला का माता के बिना हिरन को पुत्रवत् पालना। महाराजा शिवि का शरण में आए कपोत की रक्षा में देहत्याग के लिए उद्यत हो जाना। पारिवारिक संस्था का श्रेष्ठतम उदाहरण है। व्यक्ति परिवार में रहकर ही परस्पर प्रेम, सम्मान और अन्य महत्तवपूर्ण मूल्यों को सीखता है। यह मेरा है, यह तेरा है, इस प्रकार की संकीर्ण भावना के स्थान पर वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना पल्लिवत एवं पुष्पित होती है। वेदों में अनेक सूत्र मिलते है, जिनसे ज्ञात होता है कि पारिवारिक प्रबन्ध कैसा था? परस्पर कर्तव्य, माता-पिता का सम्पत्ति का बंटवारा, भाई-बहन में कटुता न हो, सास-ससुर का व्यवहार, धनार्जन, पशु-पक्षियों के प्रति व्यवहार, दम्पति क्या न करें, परिवार में क्या गुण होने चाहिए, परिवार के व्यक्ति क्या न करें। आज के भौतिकवादी युग में पारिवारिक नैतिक मूल्य बदल गये है। व्यक्ति के लिए "मैं" की प्रमुख हो गया है "हम" की भावना समाप्तप्राय हो रही है। इसलिए भी वैदिक पारिवारिक प्रबन्धन को जानना आवश्यक है।

75

वैदिक जीवन मूल्य एवं तनाव प्रबन्धन: वर्तमान परिप्रेक्ष्य

प्रो. अन्जू सेठ

पूर्वप्राचार्या, सत्यवती महाविद्यालय (प्रातः), दिल्ली विश्वविद्यालय एवम्
राष्ट्रीय अध्यक्षा, संस्कृत संस्कृति विकास संस्थान न्यास

dr.anjuseth@gmail.com

वेद ज्ञान के अक्षय भंडार हैं जो अपनी सार्वभौमिक, सार्वकालिक और सर्वज्ञानमयी शिक्षाओं के माध्यम से वर्तमान समय में आगत सभीतत्कालीन समस्याओं के निवारण हेतु उपाय प्रस्तुत करते हैं। वैदिक जीवन मूल्य सर्वप्रथम अनमोल, अनघ होने के साथ–साथ सर्वत्र सभी मनोवैज्ञानिक

समस्याओं का निवारण करते हुए चिरपीडित मानवजातिहेतु शान्तिदायक प्रेरणादायक तत्त्वों का प्रसार करते हैं। तनाव वर्तमानयुग की भयंकर समस्या है जो मुँह खोले सम्पूर्ण मानवजाति को निगले को तत्पर है, परन्तु वैदिक जीवनमूल्यों की संजीवनी व्यक्ति को वह संबल प्रदान करता है कि सभी चिन्ता, भय,आशंका, विविध मनोरचनाएँ, क्रियाहीनता निराशादि महाभयंकरआधियाँ स्वयमेव समाप्त होकर व्यक्ति को सर्वाङ्गीण विकसित करने में योगदानदेती हैं। वैदिक वाङ्मयमें यत्र–तत्र उपदिष्ट जीवनमूल्यों में आत्मविश्लेषण, सद्भावना, सहिष्णुता, कर्मठता, निराशाहीनताआदि तत्त्वों के अनवरत पीयूष के माध्यम सेतनावरूपी दानव की विनाशलीला समाप्त हो सकती है, यथा– ऋ. 6.75.6, 8.22.16, यजुर्वेद 34.1-6, अथर्ववेद 6.133.3, 19.9.5, 9.10.15, 10.2.19, शतपथ ब्राह्मण 11.3.3.5; तैत्तिरीय उपनिषद 11.1 आदि। वैदिक युग के ये सभी अमोघतत्त्व मानव जाति तनावमुक्त जीवन देने में किस प्रकार सहयोग देते हैं, यही प्रस्तुत लेख के माध्यम से सिद्ध करने का विनम्र प्रयास किया गया है ।

76
वैदिक शिक्षा प्रणाली में आर्थिक दृष्टिकोण

डॉ. अनुप कुमार आत्रेय
सहायक आचार्य, अर्थशास्त्र, सम्राट पृथ्वीराज चौहान रा. महा., अजमेर, राजस्थान
anoopatreyajm@gmail.com

वैदिक शिक्षा प्रणाली प्राचीन भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा की एक महत्वपूर्ण कड़ी थी, जिसमें केवल आध्यात्मिक या धार्मिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि आर्थिक सोच और व्यवहारिक कोशलों को भी प्रमुखता से स्थान दिया गया था। यह शोध पत्र वैदिक शिक्षा में निहित आर्थिक दृष्टिकोण का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करता है, जो उस युग की सामाजिक और आर्थिक संरचना तथा जीवन मूल्यों को सजीव प्रतिबिंबित करता है। वेद, उपनिषद, ब्राह्मण ग्रंथ और स्मृतियों में कृषि, पशुपालन, वाणिज्य, ऋण-धन प्रबंधन, कर व्यवस्था, दान-पुण्य तथा सामाजिक सेवा से संबंधित विषयों पर विस्तार से विचार किया गया है। वैदिक काल में 'पुरुषार्थ' के चार स्तंभों में अर्थ को जीवन के अहम उद्देश्य में गिना गया, जिसे धर्म और मोक्ष के साथ संतुलित रखते हुए नैतिकता की कसौटी पर परखा जाता था। उस काल में आर्थिक क्रियाएं केवल भौतिक लाभ तक सीमित नहीं थीं, बल्कि सामाजिक और दार्शनिक अनुसंधान के अंतर्गत थीं।

गुरुकुल प्रणाली विद्यार्थियों को केवल धार्मिक ग्रंथों का ज्ञान नहीं देती थी, बल्कि जीवन के व्यवहारिक पहलुओं जैसे श्रम की महत्ता, सामाजिक सहयोग और आत्मनिर्भरता के सिद्धांत भी सिखाती थी। यह दृष्टिकोण आज की नैतिक और समावेशी अर्थव्यवस्था की नींव से मेल खाता है। यह शोधपत्र वैदिक आर्थिक विचारों का समकालीन सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के साथ तुलनात्मक विश्लेषण करता है और निष्कर्ष निकालता है कि वैदिक शिक्षा प्रणाली में आर्थिक चिंतन एक सुव्यवस्थित, नैतिक और दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक ढांचे का अभिन्न अंग था, जो आज भी आर्थिक नीतियों और शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

77

यजुर्वेदीय कर्मनिष्ठा का उपदेश: गीता के कर्मयोग का मूलस्रोत

डा. अपर्णा धीर

असिस्टेन्ट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ इन्डिक सट्डीज़, इन्स्टिटयूट ऑफ ऐड्वान्स्ट साइान्सीस, डार्टमोथ, एम.ए., यू.एस.ए. एवं सचिव (प्रशासनिक), वेव्स भारत

dhir.aparna@gmail.com, adhir@inads.org

मनुष्य का प्रतिक्षण कर्म करते हुए ही व्यतीत है। यह कर्म ही दैनिक जीवन में उसके व्यवहार में परिगणित होकर उसका 'आचरण' कहलाता है। सम्पूर्ण यजुर्वेद में कर्म-संदेश पग-पग पर मिलते हैं। 'कर्मकाण्डीय-ग्रन्थ' यजुर्वेद, ऐसा विश्व-विख्यात है। यजुर्वेद के सृष्टि-विषयक आख्यानों में प्रजापति के 'तप' रूपी कर्मनिष्ठा द्वारा ही सम्पूर्ण सृष्टि का प्रार्दुभाव कहा गया (शतपथ ब्राह्मण, 6.1.1, 6.1.3, 11.1.6) यजुर्वेद की उद्घोषणा 'इस लोक में कर्म को करते हुए ही सौ वर्षों तक जीने की इच्छा करें' ही श्रीमद्भगवतगीता के कर्मयोग-सिद्धांत का उपजीव्य बना।

- कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेत् शतं समाः। (यजुर्वेद, 40.2)
- नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः। शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्ध्येदकर्मणः॥ (गीता, 3.8)

कृष्णयजुर्वेदीय तैत्तिरीय संहिता में स्पष्ट इच्छा प्रकट की गई है कि 'मेरे मुख में वाणी, नासिका में प्राण, नेत्रों में दर्शनशक्ति, दांत-अक्षुण्ण और केश पलीत रोग से रहित रहे, मेरी बाहुओं में बल, जांघों में ओज, पिथुलियों में वेग और पांवों में खड़े रहने की शक्ति रहे, आत्मा अहिंसित और अंग पाप से शून्य हों'। इस प्रार्थना में स्वावम्लबी होकर कर्मशील रहने की भावना भली-भांति परिलक्षित होती है (5.5.9.2)। इसी प्रकार श्रीकृष्ण ने गीता (18.3) में यज्ञ को अत्याज्य कर्म बताया है और यजुर्वेदीय ऋषि (तैत्तिरीय ब्राह्मण 3.2.1.4) ने भी यज्ञ को श्रेष्ठतम कर्म माना। अतः ऐसे ही कुछ उदाहरण को बताते हुए प्रस्तुत शोध-पत्र में यजुर्वेदीय ग्रन्थ के अध्ययन से कर्म की उत्पत्ति, कर्म-निष्ठा, कर्म-सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए गीता के कर्मयोग के स्रोत को समझने का प्रयास किया जाएगा।

78

अथर्ववेद में मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक चिकित्सा

सुश्री अर्चना वर्मा

विद्यावारिधि छात्रा, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

av196461@gmail.com

अथर्ववेद मानव जीवन के समग्र कल्याण का ग्रंथ जिसमें शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के गूढ़ सिद्धांत निहित हैं। इस शोध का उद्देश्य अथर्ववेद में वर्णित मानसिक स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिक चिकित्सा की अवधारणा का विश्लेषण करना है। अध्ययन में पाया गया कि अथर्ववेद मानसिक अस्वस्थता को केवल रोग न मानकर, मन, प्राण और आत्मा के असंतुलन का परिणाम मानता है। अथर्ववेद के मन्त्र मानसिक शुद्धि, भय, शोक, क्रोध और ईर्ष्या जैसे भावनात्मक विकारों

को दूर करने हेतु उपयोग किए जाते थे। (अथर्ववेद 19.9.2, 6.45.1) इन मन्त्रों का उद्देश्य क्रोध, ईर्ष्या एवं द्वेष जैसी नकारात्मक मानसिक वृत्तियों को संतुलित करना है।

अथर्ववेद में औषधीय चिकित्सा के साथ-साथ मन्त्र-चिकित्सा (psychospiritual healing) का भी उल्लेख मिलता है, जो व्यक्ति को आत्मिक स्तर पर स्वस्थ बनाती है। शोध से स्पष्ट होता है कि अथर्ववेद का दृष्टिकोण समग्र चिकित्सा (holistic therapy) का है, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य को आंतरिक शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरण से जोड़ा गया है।

यह अध्ययन आधुनिक मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान के लिए एक वैकल्पिक और गहन वैदिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है, जो व्यक्ति को केवल रोगमुक्त ही नहीं, बल्कि 'प्रसन्नचित्त' और संतुलित जीवन की ओर प्रेरित करता है।

79

रामायण कथा में नारी सशक्तिकरण

डा. विनोद कुमार तिवारी
प्राच्यविद्या के शोध विद्वान
dr.binodkrtiwari@gmail.com

रामायण कथा वैदिक मूल्यों की प्रतिमान मनस्वी नारियों की निहारिका है । प्रत्येक पात्र नारी संवेदनाओं के विविध आयामों का प्रतिनिधित्व करती है । वैदिक ज्ञान परंपरा में कौशल्या का चरित सचमुच धन्य है, जो अपनी कठिन तपस्या से प्रभु श्री राम की माता बनने की पात्रता प्राप्त करती है । सुमित्रा बुद्धिमत्ता की प्रतिमूर्ति है । अनुसुइया वैदिक ज्ञान की अधिष्ठात्री विदुषी है । माता अनुसुइया द्वारा सीता को दी गई पातिव्रत्य का उपदेश वैदिक ज्ञान की धरोहर है, जिसने सदियों तक हमारी परिवार व्यवस्था को अक्षुण्ण रखा है ।

शबरी प्रभु श्री राम की अनन्य भक्त है । वह सबर समुदाय, जो वर्तमान समाज व्यवस्था में तथाकथित निम्न, वंचित, भील जनजाति से आती है। वह महर्षि मतंग की शिष्या है । उन्होंने उसके बाल्यकाल में ही उसे कह दिया था कि प्रभु श्रीराम स्वयं उसकी कुटी पर पधारेंगे, वह जीवनभर उस घड़ी की प्रतीक्षा करती है । कंदमूल फल, जो वह प्रभु श्रीराम को अर्पित करती है, इतने सुमिष्ठ हैं कि वह पुनः पुनः उसकी प्रशंसा करते हैं । रामायण कथा में सबरी प्रसंग हमारे समाज में व्याप्त जाति व्याधि के विरुद्ध एक मानक औषधि है, और इसने सदियों तक हमारे समाज को एकात्म रखा है। रामायण कथा में वैदिक मूल्यों की उन्नायक नारी पात्रों में त्रिजटा एवं मंदोदरी का महत्वपूर्ण स्थान है। त्रिजटा भी प्रभु श्री राम की भक्त है । अशोक वाटिका में जब सीता को मानसिक प्रताड़ना का शिकार होना पड़ा, तो त्रिजटा ने बड़ी चतुराई से उसकी रक्षा की तथा विषाद के क्षणों में उसे संबल प्रदान किया।

मंदोदरी रावण की भार्या होते हुए भी सदैव उसे सीता के लिए श्रीराम से युद्ध नहीं करने के निमित्त सचेत करती है । यदि रावण ने मंदोदरी के परामर्शों पर तनिक भी ध्यान दिया हुआ होता, तो रामायण कथा की परिणति बिल्कुल विपरीत होती ।

80

नैतिकता और सदाचरण के लिए वैदिक शिक्षा की उपयोगिता

डॉ. छोटीबाई मीणा

सहाचार्य, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली

rskscbmeena@gmail.com

सुशिक्षा नव निर्माण के लिए हम सब का दायित्व है। वैदिक शिक्षा की परम्परा इसकी महत्ता सिद्ध करती है। आज भी वैदिक शिक्षा की उपादेयता कम नहीं हुई है। वैदिक-शिक्षा का मूलतत्त्व मानव का व्यक्तिगत, सासं।रिक एवं आध्यात्मिक विकास रहा है। विद्यार्थी गुरू के आश्रम में रहकर आत्मनिर्भरता, अनुशासन,सेवा,आदि उत्तम भावों के साथ गम्भीरता से अध्ययन करते थे और गुरु के आचरण का अनुशरण भी करते थे। विद्यार्थी में दायित्व उत्पन्न करना एवं नैतिकता का आचरण करने को उसका स्वभाव बनाना वैदिक शिक्षा का उद्देश्य है तो आत्मा की शुद्धि की अवस्था पाना और कल्याणकारी सामाजिक व्यवस्था तथा ऋत् के विथान का अनुपालन सिखाना - वैदिक शिक्षा का मूल्य है, जिसका उल्लेख अथर्ववेद और उपनिषदों में पर्याप्त रुप से हुआ है। अथर्ववेद के ब्रह्मचर्य सूक्त के अनुसार शिक्षा का सीधा उद्देश्य विद्यार्थी का समग्र विकास है जिसमें व्यावहारिक तथा सैद्धान्तिक - दोनोंपक्षों का समाहार किया गया हो। वैदिक दृष्टिकोण का आधुनिक शिक्षा प्रणाली में समावेश किया जाये, इस शोधपत्र में इस बिन्दु पर विस्तार से विचार किया गया है।

81

तनाव प्रबन्धन तथा सचेतनता हेतु वैदिक-साधना

एक उत्कृष्ट समाधान

डॉ. धर्मा

सेवा-निवृत्त अध्यापिका, लक्ष्मीबाई महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय

drdharama@gmail.com

इस शोध-पत्र में समकालीन मानसिक-तनाव तथा सचेतनता-अभाव की विश्वव्यापी समस्या के समाधान हेतु वैदिकसाधना की महत्वपूर्ण भूमिका का विवेचन किया गया है। अद्यनतीय जीवन में अनवरत मानसिक-तनाव, अनिष्चितता, भय, अनिद्रा तथा आषंका आदि एक सामान्य-अवस्था बन गए हैं, जिसे मनोविज्ञान दीर्घावधिक-तनाव के रूप में पहचानता है। यह स्थिति व्यक्ति की भावनात्मक संतुलनक्षमता, निर्णयसामर्थ्य तथा पारस्परिक सम्बन्धों की गुणवत्ता को भी प्रभावित करती है। भारत के पास वैदिक वाङ्मय के रूप में एक ऐसी अमूल्य निधि है जिसमें सभी समस्याओं का सार्वकालिक एवं सार्वभौमिक समाधान विद्यमान है। इस शोध-पत्र का केन्द्र-विचार यह है कि वैदिक-साहित्य (विषेषतः ऋग्वेद, अथर्ववेद, तैत्तिरीय-आरण्यक, प्रष्नोपनिषद् तथा तैत्तिरीय-उपनिषद्) - मानसिक-तनाव को केवल व्यावहारिक समस्या नहीं मानता बल्कि उसे आन्तरिक-अशान्ति तथा क्षोभ के रूप में परिभाषित करता है तथा उसके निवारणार्थ स्पष्ट आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक प्रक्रिया प्रदान करता है।

इसमें पाँच प्रमुख वैदिक-साधनाओं को व्यवस्थित रूप में प्रतिपादित किया गया है।-

1. प्राण-संयम अर्थात् श्वास के लयबद्ध अनुषासन द्वारा चित्त-प्रषमन।
2. मन्त्र-जप तथा नाद-उपासना, विषेषतः 'ॐ' तथा शान्ति-मन्त्रों के माध्यम से आन्तरिक-कम्पनात्मक स्थिरता की स्थापना।
3. शान्ति-सूक्त के द्वारा 'मैं बनाम जगत्' की संघर्ष-दृष्टि को 'मैं जगत् का सहभागी आयाम हूँ' में रूपान्तरित करना, जिससे एकाकीपन तथा भय का भार घटता है।
4. यज्ञ का आन्तरिक अभिप्राय - जिसके अनुसार फलासक्ति से मुक्त होकर कर्म को समर्पण के भाव से सम्पन्न करना तनाव के मूल आग्रह को शिथिल करता है।
5. स्वाध्याय की प्रक्रिया, जो व्यक्ति को भय-आधारित मानसिक आख्यान की समीक्षा तथा परिष्कार का साधन प्रदान करती है।

शोधपत्र में यह भी संकेत किया गया है कि उपरोक्त साधनाओं के प्रभाव आधुनिक मनो-दैहिक अनुसन्धान से पुष्ट होते हैं। निष्कर्षतः वैदिक-परम्परा मानसिक स्वास्थ्य के लिये एक परिष्कृत, सुलभ और सांस्कृतिक रूप से व्यावहारिक रूपरेखा उपलब्ध कराती है ।

82

उपनिषद्वर्णित 'मनस्विद्या' की आधुनिक समय में उपयोगिता

डॉ. करुणा आर्या

सहाचार्य, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

karya@sanskrit.du.ac.in

उपनिषदों का भारतीय दर्शन में स्थान अत्यन्त उच्च है। ये ग्रन्थ न केवल आत्मा ,ब्रह्म और जगत के रहस्यों का उद्घाटन करते हैं ,अपितु मानसिक शान्ति ,विचारों की शक्ति एवं आत्मविकास के गूढ़ तत्त्व भी प्रदान करते हैं। उपनिषदों में वर्णित' मनस् विद्या '(Mind Science) —अर्थात् मन की प्रकृति ,उसकी गति ,नियन्त्रण एवं परिशोधन की प्रक्रिया—आज के तनावपूर्ण और अराजक आधुनिक जीवन में भी अत्यंत प्रासंगिक है। इस शोध लेख में हम' मनस्विद्या 'की उपनिषदीय अवधारणाओं की समीक्षा करेंगे और यह समझने का प्रयास करेंगे कि कैसे ये सिद्धान्त आज की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं ,ध्यान ,मानसिक अनुशासन ,और आत्म बोध के संदर्भ में अमूल्य मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। मनस् विद्या का तात्त्विक आधार :उपनिषदों में) क (मन की परिभाषा व स्वरूप—नारद और सनत्कुमार संवाद में मन को ज्ञान के लिए एक आवश्यक साधन कहा गया है। "मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।" छान्दोग्य उपनिषद्) 7.3.1) (मन ही मनुष्य के बंधन और मोक्ष का कारण है। (मन को न तो पूर्णतः आत्मा माना गया है ,न ही केवल इन्द्रिय। यह आत्मा और शरीर के बीच सेतु की भाँति कार्य करता है।) ख (कठ उपनिषद् में मन की चंचलता और नियन्त्रण में मन को रथ की लगाम की उपमा दी गई है।) कठोपनिषद्1.3.4) । यदि मन) लगाम (चंचल हो ,तो जीवन रूपी रथ दिशाहीन हो जाता है।) ग (मन का परिशोधन) बृहदारण्यक उपनिषद्) 1.5.3(–मन द्वारा ही व्यक्ति अदृश्य वस्तुओं की कल्पना करता है। यह सूचित करता है कि मन के द्वारा ही व्यक्ति ब्रह्म की अनुभूति तक पहुँच सकता है ,यदि उसे शुद्ध कर दिया जाए। इसी

प्रकार आधुनिक समय में' मनस् विद्या 'की प्रासंगिकता ,मानसिक स्वास्थ्य संकट में समाधान आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा शोधलेख में प्रस्तुत की जायेगी।।

83

कादम्बरी में प्रतिपादित सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों की आधुनिक परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता

सुश्री खुशबू यादव

शोध छात्रा, संस्कृत, पालि, प्राकृत एवं प्राच्यभाषा विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय

ykhushabu370@gmail.com

मनुष्य एक विचारशील सामाजिक प्राणी है। विचारशील होने से वह समस्त ब्रह्माण्ड के सुक्ष्मातिसुक्ष्म विषयों को जानने की अपार क्षमता रखता है इसलिए सुख-दुःख, प्रवृत्ति-निवृत्ति देशकाल और समाज के विषय में चिन्तन करता रहता है और अपनी अनुभूति द्वारा प्रत्येक क्रिया से तारतम्य बैठाता है क्या करना चाहिए? कौन सा कार्य उचित है? तथा कौन सा अनुचित? के प्रश्नों के समाधान में विवेकपूर्ण जीवन-यापन करने के लिए कुछ नियम बनाये गये हैं, जिन्हे नैतिक नियमों की संज्ञा दी गई है। जब कभी मनुष्य कर्तव्यच्युत होता है तो नैतिकता ही उसे सन्मार्ग की ओर अभिप्रेरित करती है। नैतिकता के मार्ग का अनुसरण करके ही मनुष्य सुखमय एवं शान्तिमय जीवन का मार्ग तय कर सकता है। महाकवि बाणभट्ट ने अपने ग्रन्थों मे समाज तथा संस्कृति से सम्बन्धित अनेक नीतिपरक विषयों पर लेखनी चलाई है जो समाज के प्रत्येक व्यक्ति को लाभान्वित करता है। कादम्बरी के पात्रों के माध्यम से लेखक ने सम्पूर्ण मानव समाज को एक नई दिशा दी।

कादम्बरी का प्रधान नायक चन्द्रापीड एक आदर्श प्रेमी है। वह कादम्बरी के दर्शन मात्र से ही प्रेम करने लग जाता है परन्तु ऐसी स्थिति में भी अपने को संयत रखता है उसके प्रणय में मर्यादा तथा गाम्भीर्य रहता है। इस प्रकार से लोकनायक के दर्शन से कादम्बरी जैसी लोकनायिका का रोमाञ्चित हो उठना स्वाभाविक है। जब वह उज्जयिनी लौट आता है। कादम्बरी की दशा सुनकर उससे मिलने जाना चाहता है तब भी वह अपने गुरूजनों की आज्ञा को चाहता है जो कि उसकी शालीनता एवं महत्व को प्रकट करती है। मन के नियन्त्रण से जीवन में संयम और मर्यादा आदि का उदय होता है। जीवन के प्रगति के बाधक काम, क्रोध, मोह, लोभ, मद और मत्सर नामक छः शत्रु है, जैन धर्म में इनको कषाय कहा गया है प्रत्येक व्यक्ति नैतिकनिष्ठ होकर ही सभ्य एवं सुसंस्कारित समाज का निर्माण कर सकता है।

कादम्बरी केवल एक प्रेम कथा नहीं है बल्कि सामाजिक और नैतिक आदर्शो का दर्पण है। इसमें बाणभट्ट ने एक ऐसे समाज की कल्पना की है जहाँ सत्य, प्रेम, कर्तव्य, मर्यादा और धर्म जीवन के आधार हैं। कादम्बरी में न्यस्थ सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को सामाजिकों के सामने रखने का इस शोधालेख का प्रमुख उद्देश्य है।

84
वर्तमान परिप्रेक्ष्य में औपनिषदिक शिक्षाव्यवस्था की उपादेयता

डॉ. कृष्णकान्त सरकार
शोध छात्र, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
sarkarkrishnakanta33@gmail.com

मानव जीवन में शिक्षा का व्यापक महत्त्व को देखते हुए उपनिषद् के ऋषिओं ने आत्मा, परमात्मा सम्बन्धित आध्यात्मिकता के प्रतिपादन के साथ-साथ शिक्षा के विषय में भी व्यापक विवेचन किया है। इस प्रस्तावित शोधपत्र में प्राचीन भारतीय औपनिषदिक शिक्षापरम्परा, शिक्षा पद्धति तथा उसका क्रमिक विकास, गुरु-शिष्य सम्बन्ध, शिक्षण विषय, छात्र एवं विषय निर्वाचन, आवासीय शिक्षा, वर्तमान काल में औपनिषदिक शिक्षा व्यवस्था का प्रयोजन तथा प्राचीन भारतीय औपनिषदिक पद्धति का वर्तमान शिक्षा पद्धति में समन्वय आदि विषयों का विवेचन प्रस्तुत किया जाएगा।

85
कौटिल्य अर्थशास्त्र में विद्या-विषयक विचार

प्रो. लल्लन प्रसाद
अध्यक्ष कौटिल्य फाउंडेशन
पूर्व डीन एवं विभागाध्यक्ष, बिजनेस इकोनॉमिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
lallanpd@gmail.com

अर्थशास्त्र के प्रणेता आचार्य कौटिल्य को चाणक्य के नाम से अधिक जाना जाता है । अर्थशास्त्र के पहले प्रकरण के प्रथम पांच अध्यायों में कौटिल्य ने शिक्षा पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। उन्होंने प्राचीन ऋषियों मनु, बृहस्पति, शुक्राचार्य आदि के विचारों के साथ अपने विचार व्यक्त किए हैं, चार प्रकार की विद्या का उल्लेख किया है: आन्वीक्षकी, त्रयी, वार्ता और दंड नीति। सांख्य, योग और दर्शन आन्वीक्षकी विद्या के अंतर्गत आते हैं। त्रयी में धर्म-अधर्म का ज्ञान प्रतिपादित किया जाता है, तीन वेदों–ऋग्वेद, सामवेद और यजुर्वेद का नाम ही त्रयी है, अथर्ववेद और इतिहास वेद भी वेद कहे जाते हैं। शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंदोविचिति और ज्योतिष वेदांग हैं। कृषि पशुपालन और व्यापार यह सब वार्ता विद्या के विषय हैं। आन्वीक्षकी, त्रयी और वार्ता इन सभी विद्याओं की सुख-समृद्धि दंड पर निर्भर है। यह अप्राप्त वस्तुओं को प्राप्त कराती है, प्राप्त वस्तुओं की रक्षा करती है और रक्षित वस्तुओं की वृद्धि करती है और संवर्धित वस्तुओं को समुचित कार्यों में लगाने का निर्देश करती है। शासन की दंड व्यवस्था से रक्षित चारों वर्ण, आश्रम, और लोक अपने-अपने धर्म-कर्म का पालन करते हैं और अपनी मर्यादा में बने रहते हैं। शासन को हमेशा समुचित दंड की व्यवस्था करनी चाहिए। शास्त्र विहित उचित रीति से प्रयुक्त दंड प्रजा के योगक्षेम का साधक होता है। शिक्षा योग्य बनाने का साधन है, शुश्रूषा, श्रवण, ग्रहण, धारण, विज्ञान, उहा पोह (तर्क-वितर्क) से विवेक तथा बुद्धि बढ़ती है। विभिन्न विद्याओं के आचार्यो के मतानुसार ही शिष्य का शिक्षण और नियमन होना

चाहिए। कौटिल्य अर्थशास्त्र में वर्णित शिक्षा विषयक विचार काल जयी हैं, आज भी प्रासंगिक हैं, उन पर अमल करने की आवश्यकता है।

86
वसुधैव कुटुम्बकम् की वर्तमान प्रासंगिकता

प्रो. मधुबाला
आचार्या, संस्कृत, मिराण्डा हाउस महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
madhu.bala@mirandahouse.ac.in

पूरी सृष्टि के कल्याण हेतु मनुष्य को सम्बोधित करते हुए वेद के रूप में समग्र ज्ञान-राशि है। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड परम चेतना की ही अभिव्यक्ति है, सभी में एक ही परम तत्त्व का अंश है, इसलिए मनुष्य के हृदय में यह स्वाभाविक सहज बोध होना चाहिए कि सभी एक हैं। इसी दृष्टि को वैदिक ऋषि 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा के रूप में प्रकट करते हैं। वैदिक तथा भारतीय ज्ञान परम्परा की सभी विधाओं में एकत्व दर्शन मूल तत्त्व के रूप में उपस्थित है। वर्तमान समय में मनुष्य की चेतना की सहज स्वाभाविक प्रवृत्तियों में अत्यधिक विकार होने के कारण निःश्रेयस की प्राप्ति प्रायः किसी के लिए अभिप्रेत नहीं है, साथ ही अभ्युदय की प्राप्ति भी नहीं हो पा रही। भेद-बुद्धि रखने पर व्यक्तिगत हानि यह होती है कि चित्त अत्यधिक विकारयुक्त हो जाता है, जिससे एकाग्रता में कमी आती है, फलस्वरूप स्वयं की व्यष्टिगत उन्नति के लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं हो पाती। सामाजिक हानि यह होती है कि समाज में वैमनस्य में वृद्धि होने पर असामाजिक घटनाएँ, अपराध की संख्या में वृद्धि होती है। राष्ट्रीय हानि यह होती है कि गृहयुद्ध की सम्भावनाएँ बढने लगती हैं। वैश्विक स्तर पर यह हानि होती है कि प्रायः देश परस्पर युद्ध की विभीषिका में नष्ट होने लगते हैं। वर्तमान रूस युक्रेन युद्ध ज्वलन्त उदाहरण है। इसीलिए वर्तमान काल में वसुधैव कुटुम्बकम् का वैदिक उद्घोष सभी समस्याओं का समाधान कर मनुष्य को अपनी आध्यात्मिक उन्नति के साथ पूरी सृष्टि के कल्याण के लिए प्रेरित करता है। प्रकृत शोधपत्र में वसुधैव कुटुम्बकम् के उद्घोष के विभिन्न वैदिक सन्दर्भ, दार्शनिक स्वरूप, वर्तमान प्रासंगिकता तथा मनुष्य की व्यक्तिगत, सामाजिक एवं आध्यात्मिक उन्नति हेतु इसकी अनिवार्यता पर चर्चा की जायेगी।

87
यम-यमी संवादसूक्ते नैतिक-शिक्षा

श्री मनीष कुमार
शोधार्थी, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
mkumar9999295268@gmail.com

वेदेषु धर्मः, विज्ञानम्, औषधविद्या, ब्रह्मविद्या च वर्ण्यन्ते। एषः *अपौरुषेयः* ग्रन्थः, यः ब्रह्मणः निःश्वासवत् उत्पन्नः इति श्रूयते। वेदाः मानवजीवनस्य मार्गदर्शकाः सन्ति, ते सत्यं, अहिंसा, दानं, संयमं च शिक्षयन्ति। यत्र वेदज्ञानं पूज्यते, तत्र समाजः नीतिमयः भवति। अतः वेदः केवलं ग्रन्थः

न, किन्तु जीवनस्य दिव्यप्रकाशः अस्ति। ऋग्वेदः प्राचीनतमः मानवसंस्कृतिस्रोतः अस्ति। अस्मिन् केवलं देवतास्तुतिः न, किन्तु मानवानां चारित्रनियमाः, नैतिकता च अपि निहिताः। दशमे मण्डले स्थितं यम–यमी संवादसूक्तं (ऋग्वेदः १०.१०) धर्मसंयमयोः प्रतीकम् अस्ति। अद्यतनयुगे भोगवादः, स्वार्थः नैतिकपतनञ्च सर्वत्र दृश्यते। यत्र जनाः संयमं विस्मरन्ति, तत्र समाजः अस्थिरः भवति। एषः सूक्तः अस्मान् स्मारयति यत् धर्म एव सच्चिदानन्दरूपं सत्यं, संयम एव आत्मबलम् । यमस्य आदर्शः वर्तमानयुवानां कृते शिक्षारूपः अस्ति। यत्र इच्छाः अनियन्त्रिताः भवन्ति, तत्र पतनं निश्चितम्। यमी नामिनी भगिनी भ्रातरं यमं प्रार्थयति यत् सृष्टिवृद्धये तया सह संयोगः भवेत् । सा वदति यत् अहं त्वया सह सन्तानं सृजेम । किन्तु यमः तां संयमेन उत्तरं दत्तवान्,भ्रातृभगिन्योः सम्बन्धः केवलं स्नेहपरः, न तु दैहिकः इति । एषः कृत्यः अधर्मः इति।

अस्य संवादस्य सारः अस्ति 'संयम एव धर्मः'। कामस्य नियंत्रणं, विवेकस्य पालनं, समाजस्य मर्यादा इत्येतानि धर्मस्य आधाराः। यमस्य उत्तरं मानवजीवनस्य आदर्शरूपं प्रदर्शयति। अद्यतनयुगे लोभः, भोगः, अधर्मः च वृद्धिं गच्छन्ति। तस्मिन् सन्दर्भे एषः सूक्तः युवजनान् शिक्षयति यत् आत्मसंयम एव श्रेष्ठः। धर्मपालनं समाजस्य स्थैर्यस्य मूलम् अस्ति। यम–यमी संवादः केवलं पौराणिककथा न, किन्तु नित्यनैतिकशिक्षायाः स्रोतः अस्ति। धर्मः, संयमः, मर्यादाः च यत्र स्थाप्यन्ते, तत्र एव समाजः सुदृढः भवति। "संयमः एव सच्चरित्रस्य मूलं, धर्मः एव समाजस्य प्राणः।"

88

जीवन के प्रति ऋग्वैदिक दृष्टिकोण

डॉ. मीना कुमारी

एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत, मिराण्डा हाउस, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

meena.kumari@mirandahouse.ac.in

'जीवेम शरदः शतम्' वेदों की यह उक्ति जीवन के प्रति मानवों के लगाव को दर्शाती है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि वैदिक ऋषि कर्म करते हुए अर्थात् सक्रिय जीवन व्यतीत करते हुए ही दीर्घायु प्राप्त करना चाहता है 'कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः। बहुविध कारण एवं परिस्थितियाँ ऐसी होती हैं, जो किसी भी व्यक्ति की जिजीविषा को कभी न कभी कुंठित कर देती है। किसी स्वजन की आकस्मिक मृत्यु, विश्वसनीय व्यक्ति के द्वारा किया गया विश्वासघात, अपने प्रति किसी के मन बिना किसी कारण के द्वेष का होना आदि सर्वसाधारण के मन को दुःख पहुँचाने वाले होते हैं। (ऋ. 1/105/8)। दुःख अथवा अवसाद से बाहर निकलने के विविध उपायों का स्पष्ट निदर्शन हमें वेदों में ही प्राप्त होते हैं। शास्त्रज्ञान, यज्ञकर्म एवं देवस्तुति, परिस्थितियों की गम्भीरता को सहज बनाने के व्यवहारिक उपाय—ऐसे ही कुछ माध्यम है, जो आज के प्रतिस्पर्धा से परिपूर्ण भौतिकता प्रधान युग में भी मानव को संबल प्रदान करने वाले हैं।

युवा पुत्र की आकस्मिक मृत्यु के आघात के पीड़ित बृहदुक्थ अपने शास्त्रज्ञान के बल से ही स्वस्थ हो पाते हैं। वैदिक ऋषि के अनुसार मृतक के दाह संस्कार करके लौटने के पश्चात् घर में सबसे पहले सकारात्मक सोच वाली, उत्साह से परिपूर्ण स्त्रियों को प्रवेश करना चाहिए। लोहार द्वारा धौंकनी से लोहे को पवित्र बनाने के समान यज्ञकर्म मानव के चित्त को शुद्ध करने वाला कहा गया है। ऋजुमति व्यक्ति देवताओं के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त करता है और उनसे उन दुष्टजनों को दण्डित

करने की प्रार्थना करता है। प्रकृति का सान्निध्य भी व्यक्ति को निराशा और अवसाद से बाहर निकालने में सहायक सिद्ध होता है। अक्षसूक्त में कितव सूर्य की विभिन्न गतियों से प्रेरित होकर इस व्यसन से मुक्त होने का संकल्प लेता है।

89

वैदिक विचारधारा में पर्यावरण शिक्षा और सतत विकास

डॉ. नीलम गौड़

अतिथि संकाय, संस्कृत, आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज,
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

neelam.gaur2299@gmail.com

मानव जीवन और पर्यावरण परस्पर अविभाज्य तत्त्व हैं। वैदिक ऋषियों ने जीवन के प्रत्येक पक्ष को प्रकृति से जोड़ा और धर्म का अर्थ केवल धार्मिक आचरण न मानकर प्रकृति के साथ संतुलित जीवन माना। आज जब विश्व 'सतत् विकास' (Sustainable Development) की संकल्पना पर विचार कर रहा है, तब वैदिक विचारधारा हमें यह बोध कराती है कि प्रकृति-सम्बन्धी शिक्षा और संसाधनों का संरक्षण प्राचीन काल से ही हमारे चिंतन का अभिन्न अंग रहा है। वैदिक विचारधारा केवल धार्मिक आस्था का आधार नहीं, अपितु आधुनिक 'सतत् विकास' का भी मार्गदर्शन है। इसमें प्रकृति को देवता रूप में देखकर उसके संरक्षण को मानव का कर्तव्य बताया गया है। यदि हम वैदिक सूत्रों का अनुसरण करें तो 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना से प्रेरित होकर मानव और प्रकृति का संतुलन स्थापित कर सकते हैं। यही सतत् विकास का वास्तविक स्वरूप है। अथर्ववेद (12.1.12) में कहा गया है– "माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः।"–पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं, इस प्रकार पृथ्वी की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। शोधपत्र में पर्यावरण शिक्षा और सतत विकास के विभिन्न आयामों पर वैदिक विचारधारा की दृष्टि से वर्णन किया गया है तथा वर्तमान में इसकी प्रासंगिकता को बताया गया है।

90

वैदिक सार्वभौमिकताः वसुधैव कुटुंबकम

सुश्री नीतिका निगम

छात्रा, संस्कृत विभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU),
नई दिल्ली

neetikanigam8@gmail.com

अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्:।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्॥

"वसुधैव कुटुंबकम्" भारतीय चिंतन का वह अद्वितीय सूत्र है जो सम्पूर्ण सृष्टि को एक परिवार के रूप में देखने की सर्वव्यापी दृष्टि प्रदान करता है। इसका उद्गम हितोपदेश (१.३.७०) तथा महोपनिषद (६.७२) में मिलता है, किन्तु इसकी जड़ें वेद, उपनिषद और वैदिक ऋषि परंपरा में गहराई से प्रतिष्ठित हैं। यह अवधारणा केवल दार्शनिक नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जीवन की दिशा निर्धारित करने वाला व्यावहारिक आदर्श भी है। जब विश्व की अनेक प्राचीन सभ्यताएँ इतिहास के अंधकार में विलुप्त हो गईं, तब भारत ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को न केवल सुरक्षित रखा बल्कि निरंतर समृद्ध किया। यही कारण है कि विविधता में एकता, सहिष्णुता, करुणा और अहिंसा भारतीय जीवन-दर्शन की आधारशिला बनी।

आज के वैश्विक परिप्रेक्ष्य में, जब दुनिया जाति, रंग, भाषा, धर्म और सीमाओं के संघर्षों से जूझ रही है, तब "वसुधैव कुटुंबकम्" की वैदिक दृष्टि मानवता को एक नए मार्ग की ओर प्रेरित करती है। यह विचार हमें सिखाता है कि सीमाओं से परे जाकर सम्पूर्ण धरा, सम्पूर्ण मानवता और समस्त प्राणीमात्र को एक ही कुटुंब के रूप में देखा जाए। यह दृष्टिकोण न केवल आध्यात्मिक शांति और संतुलन प्रदान करता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों, वैश्विक सहयोग और सतत विकास के लिए भी एक स्थायी आधार प्रस्तुत करता है। इस शोधपत्र का उद्देश्य "वसुधैव कुटुंबकम्" के वैदिक आधार, ऐतिहासिक विकास और आधुनिक सन्दर्भों में इसकी प्रासंगिकता को स्पष्ट करना है। यह प्रतिपादित किया जाएगा कि यह केवल भारत का सांस्कृतिक आदर्श नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए एक सार्वभौमिक मार्गदर्शन है, जो आज भी वैश्विक नेतृत्व और शाश्वत शांति की कुंजी के रूप में प्रासंगिक है।

91
वेदों में स्त्री स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय की अवधारणा

Dr. Nirja Sharma
Assistant Professor, Department of Buddhist Studies, University of Delhi, Delhi
nsharma@buddhist.du.ac.in

"समानो मन्त्रः समितिः समानी, समानं मनः सहचित्तमेषाम्।"

अर्थात समाज की एकता और न्याय समान विचार और समान अधिकारों पर आधारित है। इस न्याय व्यवस्था में स्त्री और पुरुष दोनों समान अंग थे। ऋग्वेद (10.191.2)

वैदिक काल भारतीय सभ्यता का वह स्वर्ण युग था, जहाँ स्त्रियों को समाज में सम्मान, शिक्षा और स्वतंत्रता प्राप्त थी। उस काल की नारी केवल गृहिणी या माता नहीं थी, बल्कि वह वेदाध्ययन, यज्ञकर्म, दार्शनिक संवाद और सामाजिक निर्णयों में भी सक्रिय भाग लेती थी। वैदिक ऋषिकाओं जैसे—गर्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा, घोषाआदि के उदाहरण बताते हैं कि स्त्री को समान बौद्धिक और धार्मिक अधिकार प्राप्त थे। वैदिक साहित्य में 'सामाजिक न्याय' की अवधारणा व्यक्ति की योग्यता और कर्म पर आधारित थी, न कि लिंगभेद पर। यह शोध पत्र वैदिक ग्रंथों—विशेषतःऋग्वेद, अथर्ववेद, उपनिषदों—के आधार पर यह स्पष्ट करता है कि स्त्री स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय वैदिक समाज के मूल सिद्धांत थे।भारतीय संस्कृति में नारी को सदा से "शक्ति" और "सृजन" का

प्रतीक माना गया है। वैदिक काल वह युग था जब स्त्री और पुरुष दोनों को समान रूप से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति का अधिकार था। समाज का मूलाधार न्याय और धर्म था, जिसमें लिंगभेद गौण था। इस अध्ययन का उद्देश्य यह जानना है कि वैदिक ग्रंथों में स्त्री स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय की धारणा किस प्रकार प्रकट होती है।वैदिक युग में स्त्री स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय केवल आदर्श नहीं थे, बल्कि जीवन के व्यावहारिक सिद्धांत थे। नारी को शिक्षा, धर्म, राजनीति और अर्थ के क्षेत्र में समान अवसर प्राप्त थे।

परवर्ती काल में यह स्थिति दुर्बल हुई, परन्तु वैदिक दृष्टि आज भी नारी-सशक्तिकरण के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

92
औपनिषदिक नैतिक मूल्यों की वर्तमान में प्रासङ्गिकता

डॉ. निरुपमा त्रिपाठी
एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत, पालि, प्राकृत एवं प्राच्य भाषा विभाग,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज
nirupamatripathi.au@gmail.com

वैदिक ज्ञानपरम्परा में प्रतिपादित नैतिक मूल्य सम्पूर्ण विश्व के लिए अद्वितीय मार्गदर्शक हैं। उनमें भी मुख्य रूप से उपनिषदों में वर्णित त्यागपूर्वक भोग, सार्वभौमिक प्रेम, इन्द्रिय-जय, सत्यभाषण, सदाचार माता-पिता और आचार्य में देवत्व की स्थापना, कर्मानुसार परिणाम में आस्था आदि नैतिक गुण सार्वकालिक नैतिकता के मानक हैं। तैत्तिरीयोपनिषद् में समावर्तन संस्कार के अवसर पर गुरु द्वारा शिष्य को दिया गया उपदेश अद्भुत है, जिसमें गुरु केवल अपने शुभ एवं श्रेष्ठ आचरण के अनुकरण का ही निर्देश दे रहा है। वस्तुत: सर्वत्र परब्रह्म की सत्ता की पार्यन्तिक प्रतिष्ठा ही उपनिषदों का परम प्रतिपाद्य है, किन्तु प्रसङ्गतः इनमें अनेक ऐसे नैतिक गुणों की व्याख्या है, जो मानव-जीवन को उच्चतम पद तक पहुंचाने में सहायक हैं। जहां ईशावास्योपनिषद् लोभ-त्याग पूर्वक भोग करने की शिक्षा प्रदान करता है वहीं इसमें यह भी प्रतिपादित है कि कर्म के अतिरिक्त बन्धन-मुक्ति का कोई अन्य मार्ग सम्भव नहीं है। कठोपनिषद् श्रेय तथा प्रेय के वर्णन के माध्यम से कुमार्ग - पथ से विरत होने का सहज सन्देश देता है।

केनोपनिषद् में मिथ्याभिमान के परित्यागपूर्वक परमतत्त्व की प्राप्ति का उपदेश है। इसी प्रकार माता-पिता की अवहेलना करने वाले सन्तान-वर्ग को कठोपनिषद् में नचिकेता का चरित अद्भुत शिक्षा प्रदान करता है। दान का महत्त्व तैत्तिरीयोपनिषद् में सहज ही उपलब्ध हो जाता है। इसी प्रकार ऐसे अनेक नैतिक गुण हैं जो उपनिषदों में नाना प्रकार से प्रतिपादित हैं। प्रस्तुत शोधपत्र में उपनिषदों में व्याख्यायित नैतिक गुणों के विविध सन्दर्भों का उल्लेख करते हुए उनकी सार्वदेशिक तथा सार्वकालिक प्रासङ्गिकता का विमर्श किया गया है। इसमें शङ्कराचार्य के भाष्य से युक्त ईशादि एकादश उपनिषदों के आधार पर ही विशेष रूप से विश्लेषण किया गया है।

93

वैदिक विज्ञान और स्वास्थ्यः आयुर्वेद एवं धातुविज्ञान आधारित दृष्टिकोण

श्री पिंटू कुमार
शोधार्थी, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
pintukumarsanskrit@gmail.com

प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा में वैदिक विज्ञान और आयुर्वेद ने स्वास्थ्य और मानव जीवन की संरचना को गहन रूप से समझा है। विशेषकर धातुविज्ञान ने धातुओं और खनिजों के शोधन तथा औषधीय उपयोग के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा और रोग निवारण में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। यह अध्ययन वैदिक विज्ञान के स्वास्थ्य दृष्टिकोण को आयुर्वेदिक सिद्धान्तों और पारम्परिक धातु शोधन प्रक्रियाओं के सन्दर्भ में विश्लेषित करता है। अध्ययन में प्रमुख ग्रन्थ जैसे अर्थशास्त्र, बृहत्संहिता, रसार्णव, रसरत्नाकर, रसरत्नसमुच्चय तथा आयुर्वेदिक ग्रन्थों का विश्लेषण किया गया है । इसमें धातु शोधन और मारण जैसी प्रक्रियाओं का अध्ययन कर उनके वैज्ञानिक और स्वास्थ्य लाभों का मूल्याङ्कन किया गया। परिणामों से यह स्पष्ट होता है कि प्राचीन विधियाँ न केवल धातुओं को शुद्ध करती थीं, बल्कि उनके औषधीय गुणों को संरक्षित रखते हुए मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित और लाभकारी बनाती थीं। इस अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि वैदिक विज्ञान और आयुर्वेद आधारित धातुविज्ञान आधुनिक स्वास्थ्य प्रबन्धन, सतत औषधि निर्माण और पर्यावरण-संरक्षित प्रौद्योगिकियों के लिए प्रेरणास्रोत हो सकता है। साथ ही यह पारम्परिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के मध्य एक सुदृढ़ सेतु का कार्य करता है और भविष्य के अनुसन्धान एवं अनुप्रयोग के नए आयाम प्रस्तुत करता है।

94

अपरिग्रह : वैदिक अवधारणा एवं सार्वकालिक प्रासंगिकता

डॉ. प्रज्ञा
सहायकाचार्या, संस्कृत, राजकीय महाविद्यालय, मोदीनगर, गाज़ियाबाद, उत्तरप्रदेश
pragya.maitrih@gmail.com

वैदिक ज्ञान-सरणि समग्र सृष्टि के संतुलन के साथ मनुष्यों की सर्वविध उन्नति के लिए परम कारुणिक ऋषियों द्वारा प्रवाहित की गई है। इसी प्रसंग में वेदत्रयी में से यजुर्वेद का चालीसवाँ अध्याय ईशावास्योपनिषद के रूप में जाना जाता है। ईशावास्योपनिषद के प्रथम मंत्र के माध्यम से मनुष्य की व्यक्तिगत उन्नति, सामाजिक उन्नति तथा आध्यात्मिक उन्नति के सूत्र प्राप्त होते हैं। प्रकृत शोधपत्र का विषय 'अपरिग्रह' है। प्रथम मंत्र के तृतीय चरण 'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः' से ही योग दर्शन के आठ अंगों में से यम में तथा बौद्ध दर्शन में अपरिग्रह का सिद्धान्त विकसित हुआ। इस मन्त्रांश का अभिप्राय त्यागपूर्वक भोग है। इससे स्पष्ट है कि वेद विशुद्ध प्रवृत्तिपरक अथवा विशुद्ध निवृत्तपरक चर्चा न करते हुए संतुलित प्रवृत्ति मार्ग को निर्देशित करते हैं। मन्त्रांश से स्पष्ट है कि मनुष्यों के लिए

भोग का निर्देश है, प्रश्न है भोग की इतिकर्तव्यता का–भोग किस प्रकार किया जाए। इसका उत्तर है त्यागपूर्वक। पुनः प्रश्न उपस्थित होता है यह त्याग किस प्रकार का है और कितना किया जाना चाहिए, इसका उत्तर ऋषियों द्वारा प्राप्त होता है, आवश्यकता के अनुसार भोग करना चाहिये, इससे अधिक का त्याग कर देना चाहिए। त्याग का यह स्वरूप अनन्तर अपरिग्रह के रूप में व्यवस्थित हुई। प्रकृत शोधपत्र में अपरिग्रह के वैदिक स्वरूप, दार्शनिक स्वरूप तथा मनुष्य की व्यक्तिगत, सामाजिक एवं आध्यात्मिक उन्नति हेतु सभी कालों में इसकी प्रासंगिकता पर चर्चा की जायेगी।

95

वैदिक ज्ञान परंपरा और भारतीय मूल्य

प्रो. प्रणव शास्त्री (डी. लिट्.)

अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, उपाधि महाविद्यालय, पीलीभीत, उ.प्र.

drpranav_pbt23@rediffmail.com

भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा हजारों वर्षों से मानवता को शांति, समरसता और सार्वभौमिक कल्याण का मार्ग दिखाती रही है। भारतीय ज्ञान परंपरा एक ऐसी वैचारिक धारा है, जो केवल दार्षनिक या आध्यात्मिक अनुषासन नहीं, बल्कि एक समग्र जीवन-दृष्टि प्रदान करती है। इसमें व्यक्ति, समाज, प्रकृति और ब्रह्माण्ड के बीच संतुलन, सह-अस्तित्व और करूणा के सिद्धांत निहित हैं। भारतीय ज्ञान का उद्देष्य केवल सूचनाओं का संचयन नहीं, बल्कि "सा विद्या या विमुक्तये"—'वह ज्ञान है जो मुक्त करे'—के सिद्धांत पर आधारित है। यह परंपरा ऋग्वेद की ऋचाओं से लेकर उपनिषदों की रहस्यमयी गहराइयों, बौद्ध और जैन आचारों, गीता के कर्मयोग, चाणक्य के नीतिषास्त्र, और महात्मा गांधी तथा स्वामी विवेकानंद के व्यावहारिक आदर्षों तक विस्तृत है।

आज का विश्व नैतिक संकट, सांस्कृतिक विखंडन, राजनीतिक अस्थिरता और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी बहुआयामी चुनौतियों से जूझ रहा है। इस स्थिति में वैश्विक नेतृत्व की परंपरागत पश्चिमी परिकल्पनाएँ, जो सत्ता, प्रभुत्व और उपभोग के सिद्धांतो पर आधारित रही हैं, एक गहरी वैचारिक शून्यता का अनुभव कर रही हैं। ऐसे में, भारतीय ज्ञान परंपरा वैश्विक नेतृत्व के लिए एक सषक्त वैकल्पिक माडल प्रस्तुत करती है, जो शक्ति की जगह सेवा, प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग, और स्वार्थ की जगह समष्टि के कल्याण को प्राथमिकता देता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) जैसे प्रयास इस बात का संकेत हैं कि भारत अब अपनी ज्ञान परंपरा को पुनः आधुनिक संदर्भों में गूंथने की दिषा में अग्रसर है। भारत की योग, आयुर्वेद, ज्योतिष, भारतीय गणित, विज्ञान और पर्यावरण चेतना से जुड़ी परंपराएँ आज वैश्विक स्वीकार्यता प्राप्त कर रही हैं। ये सभी भारतीय विचारधारा की उस अंतर्निहित शक्ति को दर्षाते हैं, जो आज की दुनिया को एक अधिक समरस, संतुलित और सतत् भविष्य की ओर ले जा सकती है।

96

वैदिक धर्माधारित प्रशासन : सुशासन की भारतीय अवधारणा

डॉ. प्रेम बल्लभ देवली

सहायक प्राध्यापक, संस्कृत, भारती महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

premdeoli87@gmail.com

वैदिक धर्माधारित प्रशासन भारतीय सुशासन की मूल अवधारणा का प्रतिनिधित्व करता है, जहाँ शासन का उद्देश्य केवल सत्ता-प्राप्ति न होकर "लोकमंगल" और "धर्मपालन" होता है। वैदिक काल में शासन व्यवस्था धर्म के अधिष्ठान पर आधारित थी, जिसमें राजा को "धर्मराज" कहा गया—जो प्रजा की रक्षा, न्याय की स्थापना और समष्टि कल्याण के लिए उत्तरदायी होता था। ऋग्वेद, अथर्ववेद, मनुस्मृति, और महाभारत जैसे ग्रंथों में वर्णित प्रशासनिक सिद्धांत स्पष्ट करते हैं कि राज्य का आधार "ऋत" (सत्य और नियम) है। राजा, मंत्रिपरिषद्, सभाएँ (सभा एवं समिति) और न्यायिक संस्थाएँ—सभी धर्म के नियामक तत्त्वों से संचालित थीं। शासक से अपेक्षा की जाती थी कि वह दण्ड का प्रयोग न्यायपूर्वक करे और प्रजा के हित में नीतियाँ बनाए।

वैदिक प्रशासन का प्रमुख उद्देश्य "सर्वे भवन्तु सुखिनः" की भावना को व्यवहार में लाना था। शासन में पारदर्शिता, नैतिकता, उत्तरदायित्व और परामर्श की परंपरा ने इसे आधुनिक सुशासन की अवधारणा का आधार बनाया। वैदिक ग्रंथों में सुशासन के तत्व—सत्य, अहिंसा, न्याय, परोपकार, सहयोग और धर्मनिष्ठा—शासन के नैतिक स्तंभ के रूप में वर्णित हैं। आधुनिक युग में भी वैदिक प्रशासन के सिद्धांत सुशासन के आदर्श स्वरूप को दिशा प्रदान कर सकते हैं। यह प्रशासन केवल राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक धार्मिक-नैतिक शासन मॉडल है जो व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों स्तरों पर संतुलन, न्याय और सतत विकास सुनिश्चित करता है। अतः वैदिक धर्माधारित प्रशासन भारतीय शासन-दर्शन का मूल है, जो धर्म, नीति और न्याय के समन्वय से युक्त आदर्श सुशासन की भारतीय अवधारणा को मूर्त रूप देता है।

97

वैदिक विदुषियाँ और समानता तथा सशक्तिकरण

डॉ. रेखा अरोड़ा

संस्कृत, मिराण्डा हाउस, दिल्ली विश्विद्यालय, दिल्ली

rekha.arora@mirandahouse.ac.in

वैदिक काल में हमें ऐसी विदुषियों के उल्लेख मिलते हैं जो अद्भुत प्रतिभा की धनी थीं। वाचक्नवी गार्गी, ब्रह्मवादिनी ममता, विश्ववारा, अपाला, घोषा, सूर्या, अदिति, लोपामुद्रा, वागम्भृणी, शची-इन्द्राणी, रोमशा ऐसे उल्लेखनीय नाम हैं, जिन्होंने अत्यंत प्राचीनकाल से ही अपनी विद्वत्ता से पुरुषों के साथ समानता अर्जित की। अपने योग्य आचरण से समाज में प्रतिष्ठा की प्राप्ति की। प्रस्तुत पत्र में इन महिला विदुषियों के विचार-विश्लेषण का प्रयास किया गया है। इनमें

एक महत्वपूर्ण नाम ब्रह्मजाया जुहू का है, जो उच्चकोटि की विदुषी थी, जिनका उल्लेख ऋग्वेद के दशम मंडल के 109 सूक्त की 7 ऋचाओं की प्रणेता के रूप में मिलता है। कहा जाता है कि वे देवगुरु बृहस्पति की पत्नी थी। ब्रह्मजाया ने अपने मन्त्रों में स्त्री के सम्मान को प्रतिस्थापित किया कि यदि पति अभिमानवश पत्नी के साथ कुछ अन्याय करता है, जो एक प्रकार से समाज द्वारा स्त्री के साथ किया गया अन्याय है तो ऐसे समाज का कर्तव्य बनता है कि वह स्त्री को परिवार में वापिस लाये।

जुहू के मन्त्रों का अध्ययन करने पर एक ऐसी सचेतन स्त्री दिखाई देती है जिसे अपनी योग्यताओं पर पूर्ण विश्वास है, जिसे यह ज्ञान है कि समाज के संचालन के लिए जितना विवाह आवश्यक है उतना ही महत्वपूर्ण है स्त्री का स्वाभिमान। यदि पुरुष से कोई भूल हो जाती है तो उसे उसको स्वीकार करना चाहिए। जुहू ने अपने मन्त्रों के माध्यम से यह संदेश दिया है कि स्त्री को अहंकारवश त्यागकर यदि पुरुष आगे बढ़ने का प्रयास करेगा, तो न तो वह स्वयं और न समाज आगे बढ़ेगा–'पुनर्दाय ब्रह्मजायां कृत्वी देवैर्निकिल्बिषम् । ऊर्जं पृथिव्या भक्त्वायोरुगायमुपासते॥' प्रस्तुत मंत्र से यह सूचित होता है कि जब उन्होंने प्रायश्चित्त किया तभी सभी मनुष्य पृथ्वी के अन्नभण्डार का उपयोग कर सकें।

98

ऋग्वेद में प्रतिपादित नैतिक मान्यताओं और मानव मूल्यों की प्रासंगिकता

डॉ. रेनू बाला

पूर्व शोध छात्रा, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

dr.renubala14@gmail.com

भारतीय नैतिक विचारों और जीवन मूल्यों के मूल तथा चिरंतन स्वरूप का दिग्दर्शन एकमात्र ऋग्वेद से संभव है। कालान्तर में मनुष्य द्वारा सामाजिक व्यवहार के अनुरूप नीतिविषयक विचारों में विकास और परिवर्तन हुए हैं। जिन नैतिक मान्यताओं और जीवन मूल्यों को आज भारतीय जनजीवन में महत्त्व प्रदान किया जाता है, वे ऋग्वैदिक ऋषियों द्वारा स्थापित आदर्श और आचारिक तत्त्वों से भिन्न नहीं है। वेद अखिल धर्म का मूल है। हमारी सभ्यता, संस्कृति, आचारप्रणाली और जीवन-दर्शन सब कुछ वेद की देन है। मनुष्य-जीवन के कर्तव्यों के विषय में वैदिक संस्कृति का दृष्टिकोण एकांगी या एकदेशी न होकर सदा से व्यापक रहा है। इसलिए प्रतिकूल परिस्थितियों में भी वह लुप्त या नष्ट न होकर अपने को आजतक जीवित रख सका है। वेद नैतिक मूल्यों के संवाहक हैं। ऋग्वैदिक आर्यों के नीति संबंधी विचारों और उनके द्वारा निर्धारित नैतिक आदर्शों को जानने का मूल आधार एकमात्र ऋग्वेद ही है। नीति शब्द की व्युत्पत्ति नी धातु से हुई है जिसका शाब्दिक अर्थ है 'ले जाना' अर्थात् जो सभ्य, सुसंगठित व संस्कारित समाज के लिए पथ - प्रदर्शन का कार्य करती है वह नीति है। अतः नीति का सामान्य उद्देश्य अभ्युदय है। 'मानवमूल्य' मानवीय अंतरात्मा के वे महान् गुण या आदर्श है जो मनुष्य को मानवीय कल्याण एवं लोकमंगल के महत्तम संकल्पना के लिए प्रेरित करते हैं। इनकी महत्ता क्रियाशील जीवन में ही होती है। मानव

मूल्य उत्कर्ष में तभी सहायक होते हैं जब वह आचरण का अंग बन जाते हैं। प्रस्तुत शोधपत्र में नैतिक मान्यता और जीवन मूल्यों से संबंधित तत्त्वों पर विचार किया जाएगा।

99

अभिज्ञानशाकुन्तलम् में प्रतिपादित पर्यावरणीय शिक्षा: सतत विकास के सन्दर्भ में

सुश्री रेनू जायसवाल

शोधच्छात्रा, संस्कृत,पालि, प्राकृत एवं प्राच्यभाषा विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय

renuj636@gmail.com

महाकवि कालिदास संस्कृत वांङमय के विशिष्ट सौरभ हैं, इन्हें अपनी कृतियों के द्वारा संस्कृत जगत को समृद्ध करने का गौरव उपलब्ध है। उनकी कृतियों में अभिज्ञान शाकुन्तलम् नाटक का अन्यतम स्थान है, जिसमें स्थान-स्थान पर पर्यावरणीय शिक्षा, नारी सशक्तिकरण तथा सतत विकास के अनेकानेक उद्धहरण प्राप्त होते हैं। जिसमें मनुष्य एवं प्रकृति के सामन्जस्यपूर्ण सम्बन्ध के माध्यम से पर्यावरणीय शिक्षा का चित्रण करते हुए प्रकृति के अनुकूल जीवन यापन का महत्वपूर्ण सन्देश निहित है। प्रकृति की पुत्री शकुन्तला तथा तपस्वी जैसे पात्रों द्वारा पेड़ - पौधों की देखरेख तथा वन्यजीवों के संवर्धन एवं संरक्षण का हृदयावर्जक वर्णन यहाँ प्रस्तुत किया गया है। शकुन्तला के माध्यम से आधुनिक स्त्री विमर्श को भी पोषित किया गया है। नाटक की पृष्ठभूमि जिस प्राकृतिक शैली में उपनिबद्ध है,तथा पात्रों की जीवन शैली पारिस्थितिक शिक्षा की जिस अनुकूलता को धारण किए हुये हैं, वह एक आदर्श जीवन - चर्या की परिभाषा को प्रस्तुत करता है। या सृष्टिः---1/1 इस श्लोक में जीवन के मूलभूत तत्वों जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी के द्वारा जगत जीवन के कल्याण की कामना निहित है। आश्रममृगोऽयं न हन्तव्यो न हन्तव्यः - के द्वारा वन्य प्राणियों के संरक्षण का संदेश गुञ्जायमान हो रहा है। पुण्याश्रम दर्शनेन तावदात्मानं पुनीमहे - इस कथन से पर्यावरण के अनुकूल जीवन पद्धति का समर्थन है। यस्य त्वया व्रण ------4/4 में मनुष्य की भांति जीवों के उपचार को भी प्राथमिकता देते हैं। अनुमत गमना------4/10 में प्रकृति के सचेतन स्वरूप का वर्णन प्रस्तुत करते हैं। गाहन्तां महिषां----2/6 में प्रकृति के निर्बाध प्रवाह को बनाए रखने हेतु जीवों के स्वचछन्दता पूर्ण जीवन पर बल देते हैं। नारी सशक्तीकरण की दृष्टिकोण से शकुन्तला द्वारा स्वयं दुष्यन्त के चयन को समर्थन देकर स्त्री के स्वजीव-न सम्बन्धी निर्णय जन्य स्वतन्त्रता को परिपुष्ट करते हैं। तथा दुष्यन्त द्वारा परित्यक्त होने पर एकाकी शकुन्तला द्वारा अपने पुत्र का पालन तथा अन्य पर आश्रित ना होने के दृष्टिकोण को दिशा प्रदान करता है।

इस प्रकार इस शोधलेख में अभिज्ञान शाकुन्तलम् में विद्यमान पर्यावरणीय शिक्षा, नारी विमर्श को सतत विकास के सन्दर्भ में विश्लेषित किया गया है।

100

वैदिक समग्र शिक्षा बनाम आधुनिक खंडीकरण

डॉ. संगीता

गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम

drschauhan74@gmail.com

वैदिक शिक्षा का उद्देश्य मानव जीवन को उत्कृष्ट और उपयोगी बनाना है। भारत में अनेक प्रकार के घुसपैठियों ने मनमानी की जिनमें मैकाले सर्वोपरि है, इन्होंने मानसिक रूप से अपनी शिक्षा प्रणाली के आधार पर भारतीयों को परिवर्तित कर दिया, जिससे आधुनिकरण की आड़ में भौतिकवादिता हावी हो गई, आधुनिक शिक्षा के खंड खंड हो गए । वैदिक शिक्षार्थी जीवन के सभी पड़ावों में निपुण होते थे, सर्वांगीण विकास होता था, गांव, नगर, वन और अज्ञातवास जैसी शिक्षा भी प्रदान की जाती थी। सोलह संस्कार से संपूर्ण जीवन समृद्ध रहता था। आधुनिक खंडन से कोई भी व्यक्ति जीवन के सभी आयामों को कुशलता पूर्वक पार नहीं कर सकता। उलझकर रह जाता है। वैदिक शिक्षा प्रकृति का अनुसरण सिखाती है। ब्रह्म मुहूर्त, सूर्योदय, आठ प्रहर, क्षण, पल, काल, दिवस, माह, वर्ष, मौसम आदि के अनुसार दिनचर्या होनी चाहिए। दूरदर्शन, मोबाइल, लैपटॉप, संगणक आदि में मस्तिष्क को दिग्भ्रमित करने की अथाह सामग्री है, यह स्वाध्याय, आत्मविवेक, आत्मावलोकन का अवसर नहीं देती। तंत्रिका तंत्र का जाल जब यांत्रिक अंतर्जालीय प्रणाली में उलझ जाता है तब वह अपना अस्तित्व और समयानुसार क्रियाकलाप विस्मृत कर देता है। सुलभता से समस्याओं के हल मिलने के कारण मस्तिष्क का व्यायाम नहीं होता और शिथिलता आ जाती है। जीवन के दूसरे उत्तरदायित्वों से वंचित रह जाता है। इसका नियंत्रण बिना वैदिक शिक्षा के संभव नहीं है। ध्यान और पतंजलि के अष्टांग योग द्वारा इन यंत्रों को केवल अध्ययन और सटीक श्रेष्ठ जानकारी के लिए उपभोग में लाया जा सकता है, वैदिक शिक्षा अवश्यंभावी है, इसके द्वारा ही सृष्टि और दृष्टि सही दिशा में चलेगी। आधुनिक खंडीकरण को पुनः समायोजित करना होगा । आधुनिकरण के कारण उत्पन्न अंधानुकरण को वैदिक शिक्षा के प्रकाश से जागृति फैलाकर मानव जीवन को पुनः सर्वश्रेष्ठ बनाना होगा।

101

विश्व-उपकारक सांमनस्य सूक्त

डॉ. श्रद्धा शुक्ला

एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत, मिराण्डा हाउस महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय

shraddha.shukla@mirandahouse.ac.in

वर्तमान समय में विश्व को सुखमय जीवन के लिए जिन सिद्धांतों की आवश्यकता है, वह सभी अथर्ववेद में प्राप्त होते हैं। अथर्ववेद का सांमनस्य सूक्त इसी ज्ञान परम्परा का एक सोपान है। सायणाचार्य के अनुसार सांमनस्यम् का अर्थ है–'ऐकमत्यापादकं ब्रह्म मन्त्रात्मकं सांमनस्यम्'। समाज की इस एकता, समानता तथा सौहार्द्र से ही सम्पूर्ण मानवता का कल्याण संभव है

(अथर्ववेद- 3/30/2)। यह दृष्टिकोण सार्वभौमिक एवं सार्वकालिक है। (अथर्ववेद 3/30/5)। यह मात्र धार्मिक संदेश न होकर मानव जीवन का शाश्वत सत्य है कि विश्व का कल्याण स्पर्धा एवं विभाजन में नही है, अपितु सामूहिक सहयोग तथा मैत्री में निहित है -'अरा: नाभिमिवाभितः' (अथर्ववेद, 3/30/6) जिस प्रकार भिन्न-भिन्न दिशा से अर केन्द्र बिन्दु पर आकर मिलते हैं। वैसे ही विभिनन विचारों, मतों, धर्मों के लोगों के मन, हृदय एक होने चाहियें। यह सूक्त मानव समाज को एक सूत्र में बाँधने की प्रेरणा देता है (अथर्ववेद, 3/30/7)।

यह सूक्त मानसिक स्वास्थ्य का भी स्रोत्र है। यह सूक्त सम्पूर्ण मानवता को शुभ भावों तथा समान मन, उद्देश्य को लेकर चलने के लिए प्रेरित करता है। यह भाव ईर्ष्या, द्वेष को समाप्त कर मानसिक शांति प्रदान करता है। राजनैतिक दृष्टि से यदि अवलोकन करें तो सांमनस्य सूक्त वहाँ भी सहायक दिखलाई देता है। राजा एवं प्रजा का सम्बन्ध पारस्परिक विश्वास पर आधारित होता है, यह सभी संभव होगा जब वह मिलकर समान उद्देश्य के लिए, साथ में कार्य करेंगे (अथर्ववेद 3/30/1)। जब सभी का उद्देश्य समान होगा तभी मतभेद ईर्ष्या समाप्त होकर एकता का वातावरण बनेगा। यह समानता केवल बाह्य मेल-जोल नहीं अन्तःकरण की समानता है। जो समस्त मानव-जाति को एक सूत्र में बांधती है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का यह दृष्टिकोण ही सांमनस्य सूक्त को विश्व - उपकारक के रूप में प्रतिष्ठित करता है।

102

व्यक्ति एवं समाज के समग्र-विकास की मार्गदर्शिका - वैदिक शिक्षा

Dr. Shruti Kant Pandey

Associate Professor, Department of Sanskrit, University of Delhi, Delhi

skpandey@sanskrit.du.ac.in

"शिक्षा सबसे शक्तिशाली आयुध है, जिसका उपयोग आप विश्व के आमूल परिवर्तन के लिए कर सकते हैं।" दक्षिण अफ्रीका के प्रसिद्ध लोकतंत्र कार्यकर्ता एवं प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला का यह कथन न केवल व्यक्ति अपितु समाज और विश्व के विकास में शिक्षा के महत्त्व को रेखांकित करता है। मनुष्य निःसंदेह संसार का सर्वाधिक उन्नत प्राणी है। वह केवल शारीरिक दृष्टि से बहुआयामी है, अपितु मानसिक और बौद्धिक स्तरों पर भी अन्य सभी जीवों की अपेक्षा श्रेष्ठतर है। वह पृथ्वी के अन्य सभी निवासियों की अपेक्षा न केवल अपने सुख, सुविधा, इच्छा, आवश्यकता और आकांक्षा के अनुरूप संसाधनों और व्यवस्थाओं का विकास करता है, अपितु प्रकृति के अन्य अवयवों को भी अपने अनुरूप समायोजित करने में सक्षम है। शिक्षित एवं चरित्रवान व्यक्ति ही मिलकर समाज को विकसित करते हैं, जिससे राष्ट्र एवं समस्त विश्व की उन्नति और शान्ति सुनिश्चित होती है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में शिक्षा की क्या और कितनी भूमिका है; इस बिन्दु का अन्वेषण प्रस्तुत शोधलेख का उद्देश्य है।

शोध के उद्देश्य की पूर्ति हेतु समीक्षात्मक पद्धति का प्रयोग किया गया है जिसके अंतर्गत वैदिक शिक्षा व्यवस्था के उद्देश्यों, शिक्षण-पद्धतियों, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के गुणधर्मों, गुरु-शिष्य संबंध और परीक्षा-प्रणाली का समीक्षात्मक अध्ययन किया गया। शोध की सामग्री वैदिक साहित्य, संबंधित पुस्तकों, शोध-पत्रों और शिक्षण-प्रविधि संबंधी ग्रंथों से संकलित की गई। शोध सामग्री के

विश्लेषण से प्रमाणित है कि वैदिक शिक्षा पद्धति मनुष्य और समाज के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए अपेक्षित प्रणालियों, पाठ्य-सामग्री, नियमों और व्यवस्थाओं से समृद्ध थी।

यह आधुनिक युग के मनुष्य और समाज में व्याप्त समस्याओं के निराकरण में भी सर्वथा सक्षम है।

103

विश्व में शिक्षा और नैतिकता के लिए वैदिक चिंतन

डा. श्वेतकेतु शर्मा

पूर्व सदस्य, हिन्दी सलाहकार समिति, भारत सरकार, बरेली, उ प्र

shwetketusharma@gmail.com

वैश्विक परिदृश्य जहाँ एक ओर वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति के उच्च शिखरों को छू रहा है, वहीं दूसरी ओर नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं में गिरावट स्पष्ट रूप से देखी जा रही है। ऐसे समय में वैदिक ज्ञान-परम्परा, जो सत्य, धर्म,अहिंसा,आत्मानुशासन और सार्वभौमिक भाईचारे जैसे मूल्यों पर आधारित है, एक प्रकाशस्तम्भ के रूप में उभरती है। वैदिक शिक्षा केवल सूचनाओं का संचरण नहीं करती, बल्कि जीवन के आदर्शों और चरित्र निर्माण को भी केंद्र में रखती है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली जहाँ व्यावसायिक सफलता पर अधिक केंद्रित है, वहाँ वैदिक दृष्टिकोण शिक्षा को आत्मविकास, आत्मबोध और समाज-कल्याण का साधन मानता है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद जैसे ग्रंथों में निहित शिक्षाएं आज की नैतिक एवं मानसिक चुनौतियों से जूझने में सहायक हो सकती हैं। 'सा विद्या या विमुक्तये'—यह वैदिक परिभाषा आज के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक प्रतीत होती है।

वैदिक शिक्षाएँ केवल जानकारी प्रदान करने तक सीमित नहीं हैं, अपितु यह आत्मविकास, नैतिक अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश देती हैं। यह शिक्षा प्रणाली विद्यार्थी के समग्र विकास पर बल देती है,जिसमें शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक पक्षों का समन्वय होता है। समसामयिक शिक्षा प्रणाली में जहाँ भौतिक सफलता को प्राथमिकता दी जाती है, वहीं वैदिक दृष्टिकोण जीवन के उद्देश्य की खोज,आत्मबोधऔर समाज के प्रति कर्तव्यों को प्राथमिकता देता है।

यह स्पष्ट होता है कि यदि आधुनिक शिक्षा में वैदिक तत्वों का समावेश किया जाए तो एक संतुलित,नैतिक और समरस समाज की स्थापना संभव है। इस शोध में वैदिक ज्ञान-परम्परा की मूल शिक्षाओं और उनके आधुनिक शिक्षा तथा नैतिकता पर प्रभाव का विश्लेषण किया गया है कि कैसे वैदिक ज्ञान-परम्परा आज की शिक्षा व्यवस्था में नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना कर सकती है।

104

अथर्ववेद में वर्णित मानस (मानसिक) रोग एवं उनकी औषधीय चिकित्सा

श्री सुमित कुमार पांडे
शोधार्थी, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
pandeysumit289@gmail.com

अथर्ववेद, जो वेदों में "भैषज्यवेद" अर्थात् औषध-विज्ञान का ग्रंथ कहा गया है, मानसिक रोगों के कारण, लक्षण तथा उपचार के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक दोनों ही दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। अथर्ववेद के ऋषियों ने मानसिक विकारों के मूल कारणों को असंयमित विचार, अनियंत्रित भावनाएँ और आंतरिक अशांति माना है। इन विकारों के निवारण हेतु उन्होंने मंत्रोपचार, औषधोपचार, ध्यान, और प्राणायाम जैसे उपायों का निर्देश दिया है।

क्रोध के शमन हेतु "अग्ने क्रोधं जही मम" (अ.वे. 6.45.1) मंत्र में अग्नि से क्रोध रूपी अग्नि को शांत करने की प्रार्थना की गई है। शोक एवं मोह के निवारण के लिए "शोको मम मनसि नाशमायातु" (अ.वे. 6.120.3) मंत्र में मानसिक स्पष्टता की कामना की गई है। ईर्ष्या से मुक्ति के लिए "मा नो अद्या रिषयन्ति मानवा:" (अ.वे. 6.111.3) मंत्र में सामाजिक एवं मानसिक सौहार्द की भावना व्यक्त की गई है। दुःस्वप्न से रक्षा के लिए "यथा सुप्तः सुखं स्वप्नं पश्यामि" (अ.वे. 6.46.2) मंत्र में शुभ निद्रा की प्रार्थना की गई है। उन्माद के उपचार हेतु "उन्मादं शमयाम्योषधीभिः" (अ.वे. 6.111.2) तथा अपस्मार के निवारण हेतु "अपस्मारं जही" (अ.वे. 6.57.1) मंत्रों में औषधीय चिकित्सा का उल्लेख है। मूर्च्छा रोग के लिए "मूर्च्छां नाशयाम्योषधीभिः" (अ.वे. 5.30.9) मंत्र में औषधीय उपचार का निर्देश मिलता है। इन मंत्रों के साथ अथर्ववेद में अनेक औषधीय वनस्पतियों जैसे -अश्वत्थ, उदुम्बर, पिप्पली, वचा, शंखपुष्पी तथा दशमूल का उल्लेख मानसिक रोगों की चिकित्सा में किया गया है। इस प्रकार, अथर्ववेद केवल धार्मिक या आध्यात्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक समग्र चिकित्सा-विज्ञान है जो मनुष्य के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य की संतुलित साधना का मार्ग प्रशस्त करता है। इसका दृष्टिकोण आधुनिक Psychosomatic Medicine से साम्य रखता है और यह समग्र स्वास्थ्य की भारतीय अवधारणा को प्रतिपादित करता है।

105

योग, ध्यान और वैदिक मंत्रोच्चारण: तनाव-प्रबंधन की एक भारतीय पद्धति

Dr. Supriya Sanju
Adjunct Professor, Indian Knowledge and Languages, Gurugram University, Haryana
supriyasanju@gmail.com, dr.sanjusupriya@gurugramuniversity.ac.in

आधुनिक युग की तीव्र जीवन-शैली, प्रतिस्पर्धा और भौतिकतावादी प्रवृत्तियाँ व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित कर रही हैं। तनाव आज न केवल व्यक्तिगत जीवन की

गुणवत्ता को प्रभावित करता है बल्कि यह सामाजिक एवं व्यावसायिक जीवन में असंतुलन उत्पन्न करने वाला प्रमुख कारक भी बन गया है। पश्चिमी जगत में Mindfulness जैसी अवधारणाएँ प्रचलित हो रही हैं, किंतु भारत की वैदिक परंपरा में सहस्राब्दियों पूर्व ही तनाव-नियंत्रण और मानसिक संतुलन हेतु प्रभावी साधन विकसित किए जा चुके थे। इस शोध-पत्र में योग, ध्यान और वैदिक मंत्रोच्चारण की प्राचीन भारतीय पद्धतियों को तनाव-प्रबंधन के प्रमुख साधनों के रूप में प्रस्तुत किया गया है। *योगसूत्र* के 'चित्तवृत्ति निरोधः' सिद्धांत, *भगवद्गीता* के *समत्वं योग उच्यते* सूत्र तथा वैदिक ऋचाओं में मानसिक शांति की अभिलाषा इन विधियों की दार्शनिक पृष्ठभूमि प्रदान करती है। ध्यान की एकाग्रता-वर्धक तकनीकें, प्राणायाम के श्वास-नियंत्रण अभ्यास और मंत्रोच्चारण से उत्पन्न ध्वनि-तरंगें, तंत्रिका तंत्र पर सकारात्मक प्रभाव डालकर मानसिक तनाव को कम करती हैं।

प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि योग, ध्यान और मंत्रोच्चारण केवल धार्मिक या आध्यात्मिक साधन न होकर वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित तनाव-प्रबंधन के साधन हैं। यह पद्धति व्यक्ति को आत्मबोध और विश्वबोध दोनों की ओर ले जाती है। शोध का निष्कर्ष यह इंगित करता है कि यदि इन वैदिक अभ्यासों को जीवन-शैली का अंग बनाया जाए तो आधुनिक समाज को न केवल तनाव-मुक्ति का मार्ग मिलेगा, बल्कि एक संतुलित, स्वस्थ और करुणामय जीवन-दृष्टि भी विकसित होगी।

106

वैदिक सार्वभौमिकता : वसुधैव कुटुम्बकम्

सुश्री सुरुचि शर्मा

अध्यापिका, मॉर्डन पब्लिक स्कूल, भिवाड़ी, राजस्थान

suchishuchi8@gmail.com

वैदिक सार्वभौमिकता एक प्राचीन भारतीय दर्शन है जो 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के सिद्धांत पर आधारित है। यह सिद्धांत हमें सिखाता है कि संपूर्ण विश्व एक परिवार है। इस सिद्धांत के अनुसार, सभी मानव एक ही वैश्विक परिवार के सदस्य हैं और हमें एक-दूसरे के साथ सहयोग, समर्थन, और प्रेम का व्यवहार करना चाहिए। वस्धैव कुट्म्बकम्' यही भारतीय विचारधारा का मूल है जो सार्वभौमिक एकता और भाईचारे पर जोर देता है। सार्वभौमिकता के मुख्य बिंदु - एकता, समानता एवं सर्व कल्याण भावना–सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः (सभी सुखी हों, सभी स्वस्थ हों) ; सहिष्णुता और समझ–आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः (ऋ० १.८९.१))सभी दिशाओं से हमारे लिए कल्याणकारी विचार आएं) ;वैश्विक नागरिकता–वसुधैव कुटुम्बकम् (संपूर्ण विश्व एक परिवार है)।

वैदिक सार्वभौमिकता का महत्व–केवल वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए ही नहीं अपितु सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए भी सार्वभौमिकता का महत्व वेदों में प्रतिपादित किया गया है। सह नाववतु, सह नौ भुनक्तु (तै०आ० २.२.२) ,सं गच्छध्वम्, सं वदध्वम् (ऋ० १०.१९१.२) इत्यादि अनेक वाक्य भारतीय दर्शन में सार्वभौमिकता के महत्त्व को प्रकट करते हैं। वैदिक सार्वभौमिकता एक महत्वपूर्ण अवधारणा है जो हमें एकता, समानता, सहिष्णुता और वैश्विक

बंधुत्व का महत्त्व समझाती है। वैदिक सार्वभौमिकता का सिद्धांत जहां एक ओर वैश्विक शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने में मदद करता है, वहीं दूसरी ओर यह हमें एक बेहतर और अधिक शांतिपूर्ण दुनिया का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

107

वेदकालीन स्त्री-शिक्षा : लौकिक एवं आध्यात्मिक आयाम

डॉ. वेदुला रामालक्ष्मी

रीडर, हिंदी विभाग, कमला नेहरू महिलामहाविद्यालय, भुवनेश्वर, उड़ीशा

ramalakshmi1967@gmail.com

वैदिक और उपनिषद काल भारतीय संस्कृति का वह स्वर्णिम अध्याय था, जहाँ स्त्री शिक्षा को मानव सभ्यता के समग्र विकास का आधार माना गया। उस युग में स्त्री मात्र 'शिक्षित' ही नहीं, बल्कि ब्रह्मज्ञानी, चिंतक, कवयित्री एवं समाज शिल्पिका थी। ज्ञान उसका जन्मसिद्ध अधिकार था एवं शिक्षा का प्रयोजन केवल व्यवसायिक दक्षता नहीं, बल्कि आत्म-साक्षात्कार था। लौकिक शिक्षा में स्त्रियाँ वेद, दर्शन, गणित, व्याकरण, संगीत, चित्रकला, शिल्प, युद्ध और चौंसठ कलाओं में निपुण थीं। वे उपनयन संस्कार के पश्चात गुरुकुलों में प्रवेश करतीं और पुरुषों के साथ शिक्षा ग्रहण करतीं। अश्वलायन गृह्यसूत्र और मनुस्मृति में कन्याओं के उपनयन संस्कार के साक्ष्य मिलते हैं। ऋग्वेद में लगभग 27 ऋषिकाओं—जैसे गार्गी, मैत्रेयी, घोषा, अपाला, शची, सूर्या आदि के द्वारा रचित सूक्त मिलते हैं, जो इस बात का प्रमाण हैं कि स्त्रियाँ वैदिक ज्ञान परंपरा के सृजन एवं विकास में अपना सक्रिय योगदान देती थीं।

श्रद्धा और रात्रि जैसी विदुषियाँ चिकित्सा और नक्षत्र विज्ञान में दक्ष थीं एवं साथ ही गृह प्रबंधन, अर्थशास्त्र, राजनीति और कूटनीति में भी पारंगत थीं। आध्यात्मिक शिक्षा के क्षेत्र में स्त्रियाँ दो रूपों में प्रतिष्ठित थीं –ब्रह्मचारिणी (ब्रह्मवादिनी)और सद्योद्वाह। एक ओर गार्गी, मैत्रेयी, घोषा और लोपामुद्रा जैसी विदुषियाँ ब्रह्मज्ञान पर शास्त्रार्थ कर ऋषियों को चुनौती देती थीं, तो दूसरी ओर सद्योद्वाह कन्याएँ विवाह पूर्व तक नीति, धर्म, संस्कार, कला-कौशल और गृह-प्रबंधन की शिक्षा में निपुण बनती थीं। ज्ञान की साधिका एवं गृहस्थ धर्म की संरक्षिका, स्त्री के दोनों रूपों का यथेष्ट सम्मान था। वैदिक स्त्री-शिक्षा स्त्री के सम्पूर्ण विकास, समानता और सशक्तिकरण का साक्षी है, जहाँ स्त्री के लिये शिक्षा केवल अधिकार नहीं, बल्कि आत्मबोध और ब्रह्मज्ञान का मार्ग भी प्रशस्त करता था।

आज के संदर्भ में स्त्री-शिक्षा वैदिक स्त्री-शिक्षा की प्रेरणा से मात्र व्यवसाय के क्षेत्र में ही नहीं, वरन् चरित्रगठन, दर्शन, अध्यात्म और आत्मज्ञान की आदर्श स्थिति की ओर भी प्रवृत्त होनी चाहिए।

108

पारिवारिक नैतिकता के लिए वैदिक ज्ञानपरम्परा की प्रासंगिकता

डॉ. विजयशंकर द्विवेदी

एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

vs.vinamra@gmail.com

वैदिक ज्ञानपरम्परा भारतीय संस्कृति का आधार वेद है जो सभी वर्ग के लिए सभी काल में उपयोगी है। वेदों में जीवन जीने की सम्पूर्ण कला का वर्णन किया गया है। प्रत्येक व्यक्ति के कर्त्तव्यों एवं सम्बन्धों पर विशेष बल दिया गया है जो नैतिकता को जन्म देता है। जिसका मूल ऋत है। जो मानव जीवन को सुगम एवं प्रेमपूर्ण बनाते हैं जो वर्तमान में भी प्रासंगिक है। मानव समाज का प्रथम संगठन परिवार है। जिसमें व्यक्ति को विकास तथा सुरक्षा का वातावरण प्राप्त होता है। परिवार का मुखिया (कुलपा) सभी सदस्यों का पालन पोषण करता था। परिवार में माता-पिता, पितामह, प्रपितामह, उनकी पत्नी, पुत्र, संतान, बहन, भाई, चाचा, चाची आदि रहते थे। जो संगठित एवं मर्यादित जीवन व्यतीत करते थे। सभी परिवार के सभी सदस्यों का ध्यान रखते थे और उनकी सहायता करते थे। परिवार पितृसत्तात्मक था, माता का भी अत्यधिक महत्त्व था। गृहस्वामी परिवारजनों के प्रति अन्तःकरण में शुभभाव रखता था तथा धर्म, नियमों का पालन करता था। संयुक्त परिवार के लोग एक साथ हवन यज्ञ, कृषि, पशुपालन, व्यवसाय आदि में एक दूसरे को सहयोग करते थे। उनमें आपस में एकता होती थी। अथर्ववेदीय दाम्पत्य जीवन भी उत्कृष्ट था। इनके सम्बन्धों की प्रगाढ़ता, परस्पर कर्त्तव्य भावना सम्पूर्ण गृहस्थ जीवन को सुखद बनाता था। परिवार में प्रेम और सद्भाव कैसा होना चाहिए इसके विषय में अथर्ववेद में कहा गया है जैसे गाय अपने बछड़े से प्रेम करती है उसी प्रकार परिवार में आपस में प्रेम करना चाहिए। अथर्ववेद से प्रेरणा प्राप्त कर यदि मानव पारिवारिक नैतिकता को आत्मसात् करले तो वर्तमान समय में होने वाले अनेक प्रकार के गृह कलह आदि से सहज ही मुक्ति मिल सकती है और प्रेम स्थापित हो सकता है।

109

वैदिक पद्धतियों के आलोक में मानसिक स्वास्थ्य और आत्मप्रबंधन

डॉ. विकास शर्मा

सहायक आचार्य, संस्कृत विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज

vikassharmaau2022@gmail.com

मन की स्वस्थता व प्रसन्नता से मनुष्य भी स्वस्थ होता है। मन का प्रदूषण रोगों का कारण है। अतः मैत्रायणी उपनिषद् में कहा गया है कि *मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः*। ऋग्वेद और यजुर्वेद में कहा गया है कि पाप रोग व्याधियों का नाश करके मन शुद्ध करो। यजुर्वेद में भी प्रार्थना की गई है *तन्मे मनः शिव संकल्पमस्तु*। चरक का भी मत है कि मानस रोग प्रज्ञापराध से पैदा होते हैं। चरक ने प्रज्ञापराध की परिभाषा करते हुए कहा है कि धी, धृति, स्मृति के भ्रष्ट होने से ही मनुष्य अनुचित कार्य करता है। उससे उत्पन्न रोग प्रज्ञापराधजन्य रोग कहलाते है। आधुनिक युग में भौतिक

प्रगति के साथ-साथ मानसिक अशांति, चिंता, अवसाद और तनाव की समस्याएँ भी तीव्र रूप से बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में वैदिक पद्धतियाँ—यथा योग, ध्यान, प्रार्थना, मन्त्रजप, यज्ञ एवं आत्मनिग्रह—मानव को मानसिक संतुलन एवं आत्मशांति प्रदान करने में समर्थ सिद्ध होती हैं। वेद में उत्तम स्वास्थ्य के लिए विभिन्न सूक्तों में उपायों का निर्देश किया गया है । *शिवाभिस्ते हृदयं तर्पयामि*) अथर्व. 2.29.6) इसमें उत्तम भावनाओं और विचारों से दीर्घायु की प्राप्ति बताई गयी है । इसी मन्त्र में ही कहा गया है कि *अनमीवो मोदीषीष्ठाः सुवर्चाः* अर्थात् प्रसन्नचित्त रहने से मनुष्य निरोग, दीर्घायु और तेजस्वी होता है । वेदों में 'सत्त्व-शुद्धि', 'मनोनिग्रह' और 'धैर्य' को मानसिक स्वास्थ्य के मूल तत्त्व माना गया है।इस शोधपत्र का उद्देश्य वैदिक पद्धतियों में प्रतिपादित मानसिक स्वास्थ्य और आत्मप्रबंधन के सिद्धांतों का अध्ययन करना, उन्हें आधुनिक मनोविज्ञान के परिप्रेक्ष्य में विश्लेषित करना है। मानसिक स्वास्थ्य केवल रोगमुक्ति नहीं, बल्कि आत्मानुभूति और संतुलित चेतना की अवस्था है—जिसे वैदिक पद्धतियों के अनुशीलन से प्राप्त किया जा सकता है।

110

वसुधैव कुटुंबकम् : एक विचार

सुश्री विशाखा पंवार

शोध छात्रा, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

Vishakha.du18@gmail.com

अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।। हितोपदेश १.३.७१

वसु अर्थात भूमि जिस भूमि पर मनुष्य रहता उस पृथ्वी को एक परिवार के रूप में देखना। वसुधैव कुटुंबकम एक विचार को किसी भी प्रकार की राजनीति, भू राजनीति, धर्मराजनीति या किसी क्षेत्र विशेष के अधिकार से इतर रखना चाहिए। यह धरा प्रत्येक जीव- जंतु, पक्षियों, जानवरों और मनुष्यों के लिए आश्रय का केंद्र है। प्रत्येक मनुष्य की आकांक्षा होती है कि उसका जीवन सरल सुख, शांति, प्रेम, अंहिसा, ऐश्वर्य और धन सम्पत्ति से समृद्धि हो तथा कष्ट और दु:खो से दूर हो । उसी प्रकार मनुष्य दूसरे मनुष्य के जीवन को क्यों नहीं देखते हैं? वर्तमान युग में अहिंसा, विद्रोह, तंत्र में बैठे लोगों का करप्शन, मनुष्य का अपने को सर्वश्रेष्ठ मानने की होड़, शक्तियों का दुरुपयोग, अहम की भावना, वर्चस्व की लड़ाई। इन्हीं सब विचारधाराओं कुरीतियों से वसुधैव कुटुम्बकम् की यह विचार यह धारणा क्षीणता को प्रकट होती है। याद रखने योग्य बात है कि मनुष्य के पास एक ही पृथ्वी हैं जिसपर हमारा जीवन है। अतः हमें सम्मानपूर्ण दृष्टि से इनको देखना चाहिए। प्राकृत संसाधनों तथा पर्यावरण का चिंतन, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा रोजगार पर अनुचिंतन, प्रदूषण के प्रति जागरूकता, एक-दूसरे के प्रति वैरीभाव का त्याग, अहिंसा, शान्ति, समन्वय, सत्य, प्रेम, सौहार्द, भाईचारा, जीवों तथा एक-दूसरे मनुष्य के प्रति दया की भावना तथा अन्य भाव जो जीवन को सरलता से सरलतम की ओर लेकर जाते हैं और मनुष्य को मनुष्यतर से मनुष्यतम की सीढ़ियों की ओर लेकर जाती है। जिससे सभी का जीवन आरामदायक तथा खुशहाल हो। मनुष्य का जीवन 4 दिन की चांदनी जैसा प्रतीत होती है। तो क्यों न हम अपने विचारों और अपने व्यवहार से इस धरा को एक परिवार समान बनाये?

❖—❖—❖

A Brief Introduction of 'WAVES'
(Wider Association for Vedic Studies (Regd.)

WAVES (Wider Association for Vedic Studies (Regd.), formerly known as "World Association for Vedic Studies (WAVES), India Branch", is a forum for all scholarly activities and views on any area of 'Vedic Studies' variously called Indian Studies, South Asian Studies or Indology. WAVES is not confined to study related to Vedas alone or to India alone. It encompasses all that applies to traditions commonly called Vedic tradition of past, present and Future, anywhere in the world.

This organization was established at Atlanta, USA in 1996 by a group of academics interested in Vedic knowledge under the chairman-ship of Prof. Bhu Dev Sharma . It is a non-religious society with no rigid ideology. Its membership is open to all without any discrimination. Today, Vedic traditions are not confined to Indian subcontinent but have spread virtually to all parts of the globe, through persons of Indian origin and through scholars and admirers of these traditions. For several centuries Vedic people in India made significant contributions in various academic fields-science, literature, culture, technology, etc. For most of the world, these contributions are unknown, unrecognized, and sometimes rather distorted. There is a need, particularly among scholars to work for the proper understanding and appreciation of such religious, cultural and other contributions.

The general purposes for which the Society is formed are as follows: To promote Vedic and ancient Indian studies in all its forms and in all countries; To conduct multi-disciplinary activities for research and study of Vedic traditions; To support researches and studies in various Vedic sub-specialties, Sanskrit, other Indian languages and contemporary works; To encourage research in developing all aspects of Vedic and ancient Indian traditions; and To promote universal, intellectual, ethical traditions enshrined in Vedas and other works of ancient Indian origin.

WAVES's head office is in Delhi, while its four Chapters are working in Bangalore, Jodhpur ,Lucknow, and Haridwar. WAVES has published eight volumes of edited and selected papers of its National conferences which are edited by Dr. Shashi Tiwari The books are published from Pratibha Prakashan, Delhi and are available in market. Annual newsletter is another publication of WAVES, India.

Dr Shashi Tiwari,
President, WAVES
(New Delhi)

संस्कृत विभाग, मिराणडा हाउस महामिद्यालय के विषय में

मिराण्डा हाउस की स्थापना 7 मार्च 1948 को हई। इसकी गणना देश के श्रेष्ठतम् शिक्षण केन्द्रों में की जाती है। मिराण्डा हाउस महामिद्यालय में मानविकी तथा विज्ञान के विविध विषयों में स्नातक एवं स्नातकोतर पाठयकर्मों के अध्ययन की अखणड श्रृंखला दीर्घकाल से निरंतर प्रवहमान है। NAAC द्वारा। A++ श्रेणी से मानयता प्राप्त इस महामिद्यालय ने NIRF रैंकिंग में सन् 2017 से निरंतर प्रथम स्थान अर्जित किया है तथा वर्तमान में भी अग्रणी स्थान पर बना हआ है।

संस्कृत विभाग मिराण्डा हाउस महामिद्यालय का अत्यन्त प्रतिष्ठित विभाग है, जिसकी स्थापना महामिद्यालय की स्थापना के साथ ही सन 1948 में हई। यह विभाग शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सदैव अग्रणी रहा है। आदरणीया श्रीमती संयुक्ता चौधरी को विभाग की पथम प्राधयापिका होने का गौरव प्राप्त है। डॉ. कौशल्या गुप्ता, डॉ. अरुणा वर्मा, डॉ. उर्मिभूषण गुप्ता, डॉ. सुदेश नारंग, डॉ. उर्मिला रुस्तगी, प्रो. दीप्ति त्रिपाठी आदि विदुषी प्राध्यापिकाओं ने विभाग कें सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान प्रदान किया है, वर्तमान में संस्कृत विभाग के प्राध्यापक-प्राधयापिकाएं-डॉ. श्रद्धा शुक्ला, डॉ. रेखा अरोड़ा, डॉ. मीना कुमारी, डॉ. सीमा रानी, प्रो. मधुबाला सिंह, डॉ. चन्दन कुमार मिश्र के मार्गदर्शन में विभाग निरन्तर कार्यशील है।

डॉ. कौशल्या गुप्ता ने अपने पूज्य पिता की स्मृति में एम.एल. गुप्ता व्याख्यान-माला का शुभारमभ किया। इसी प्रकार प्रति वर्ष संयुक्ता चौधरी स्मृति व्याख्यान का आयोजन भी विभागीय गरिमा में वृद्धि करता है। डॉ. उर्मिला रुस्तगी द्वारा के.एम. रुस्तगी एवं केसर देवी व्याख्यान-माला का भी प्रारम्भ किया गया। विभाग ने विक्रमोर्वशीयम् तथा स्वप्नवासवदत्तम् जैसे सुप्रसिद्ध संस्कृत नाटकों का मञ्चन भी सफलता पूर्वक सम्पन्न किया है।

विभाग छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय सम्मेलनां, संगोष्ठियां, कार्यशालाओं इत्यादि गतिविधियों का अनवरत गति से आयोजन कराता आ रहा है। "गीता-सुगीता कर्त्तव्या" विषय पर आयोजित सेमिनार के चयनित शोध-पत्रों का पुस्तक रूप में प्रकाशन किया गया, योग दर्शन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी तथा "अंतराष्ट्रीय सम्मेंलनम् वैदिकदृष्टया मनः संस्कृतिः समाजश्च" जैसे सम्मेलनां का आयोजन, विभाग की शैक्षणिक उपलब्धियों के महत्वपूर्ण उदाहरण है। विभाग ने दिल्ली संस्कृत अकादमी के सहयोग से प्रति वर्ष विविध सांस्कृतिक गतिविधियां-संस्कृत श्लोक-संगीत प्रतियोगिता, काव्यालि, प्रश्नमंच तथा संस्कृत नाटकों के भवय मचंन-का सतत आयोजन किया है। विभाग की अनेक मेधाविनी छात्राएं देश के प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं।

संस्कृत विभाग में दुर्लभ एवं महत्वपूर्ण ग्रन्थों से समृद्ध एसुविकसित पुस्तकालय विद्यमान है। लिपि एवं पाण्डुलिपि-विज्ञान अध्ययन-केन्द्र तथा संस्कृत अध्ययन-केन्द्र विभाग द्वारा संचालित किए जा रहै हैं, जो आज प्रतिष्ठित शैक्षणिक केन्द्रों के रूप् में मान्य है।

डॉ. चन्दन कुमार मिश्र

सहायक आचार्य

संस्कृत विभाग, मिरांडा हाउस महामिद्यालय

WAVES PUBLICATION

All Volumes except 9 & 11 are published by

Pratibha Prakashan, 7259/20, Ajendra Market, Premnagar, Shakti Nagar, Delhi-110007

1

CONTEMPORARY WORLD ORDER: A VEDIC PERSPECTIVE

(Ancient Indian Literary Heritage-I)

(Proceedings of the 7th India Conference held at Pondicherry)

Editior:
Dr. Shashi Tiwari,

Sub-Editor:
Dr. Alka B. Bakre

• Edition: **2009**
• PRICE: **Rs.1,500/-**

2

HARAPPAN CIVILIZATION AND VEDIC CULTURE

(Ancient Indian Literary Heritage-II)

(Proceedings of the 12th India Conference held at Delhi)

Editior:
Dr. Shashi Tiwari

Preface:
Prof. Ram Karan Sharma

• Edition: **2010**
• PRICE: **Rs.1,795/-**

3

CREATION AND EXISTENCE IN INDIAN TRADITION

(Ancient Indian Literary Heritage-III)

(Proceedings of the 13th India Conference held at New Delhi)

Editior:
Dr. Shashi Tiwari

Preface:
Prof. Ram Karan Sharma

• Edition: **2011**
• PRICE: **Rs.995/-**

4

BHARATIYA PARAMPARA ME SHRISHTI AVM STHITI

(Ancient Indian Literary Heritage-IV)

(Proceedings of the 13th India Conference held at New Delhi)

Editior:
Dr. Shashi Tiwari

Preface:
Prof. Radha Vallabh Tripathi

• Edition: **2011**
• PRICE: **Rs.1,250/-**

5

HEALTH AND HAPPINESS IN INDIAN PERSPECTIVE

(Ancient Indian Literary Heritage-V)

(Proceedings of the 9th India Conference held at Jaipur)

Editior:
Dr. Shashi Tiwari

Preface:
Prof. Ram Karan Sharma

• Edition: **2016**
• PRICE: **Rs.2,495/-**

6

SCIENCE AND SPIRITUALITY IN VEDIC TRADITION

(Ancient Indian Literary Heritage-VI)

(Proceedings of the 19th India Conference held at Delhi)

Editor:
Dr. Shashi Tiwari

Preface:
Prof. Bhu Dev Sharma

• Edition : **2018**

7

VAIDIK PARAMPARA ME VIJNANA AUR ADHYATMA

(Ancient Indian Literary Heritage-VII)

(Proceedings of the 19th India Conference held at Delhi)

Editor :
Dr. Shashi Tiwari

Preface:
Dr. Ganesh Dutt Sharma

• Edition: **2018**
• PRICE: **Rs.1,995/-**

8

SCIENTIFIC ASPECTS OF VEDIC KNOWLEDGE

(Ancient Indian Literary Heritage-VIII)

(Proceedings of the 20th India Conference & 12th International Conference held at Delhi)

Editor :
Dr. Shashi Tiwari

Preface:
Sashi Kejriwal & Dhirendra A. Shah

• Edition: **2018**
• PRICE: **Rs.3.595/-**

9

IMPACT OF VEDIC WISDOM ON THE WORLD TODAY

(Proceedings of the 24th India Conference & 14th International Conference held online)

Editors :
Umesh Kumar Singh
Aparna Dhir

• Edition: **2024**

10

INNOVATIVE APPLICATIONS OF VEDIC KNOWLEDGE IN VEDIC TIMES

(Proceedings of the 26th India Conference & 15th International Conference held at online)

Chief Editor
Dr. Shashi Tiwari

Editors :
Sashi Kejriwal,
Aparna Dhir Khandelwal,
Kamna Vimal Sharma

• Edition: **2024**

11

CONFLICT MANAGEMENT IN VEDIC TRADITIONS

[Proceedings of WAVES International Conference, 2024]

Editors:
Shashi Tiwari
Umesh Kumar Singh
Supriya Chopra
Aparna Dhir

• Edition: **2025**

WAVES CONFERENCES

WAVES CONFERENCE IN NEPAL

- Vedic Traditions in South and South-East Asian Region, July 12-13, 2003

WAVES CONFERENCES IN INDIA

- Indian Identity and Cultural Continuity, Delhi, Dec. 27, 1997
- Ancient Indian Wisdom & Contemporary Challenges, Delhi, Dec. 24-25, 1998
- Challenges of Modernity: The Vedic View, Delhi, Jan. 7-8, 2000
- State & Society : An Ancient Indian Perspective, Delhi, Dec. 15-16, 2000
- Vedic Wisdom & Global Issues, Shri Shailam, Dec. 28-30, 2001
- Vedic Intellectual Traditon : Modern Context, Dec. 27-28, 2002
- Contemporary World Order, Pondicherry, Dec. 27-29, 2003
- Consciousness & Vedic Heritage, Bangalore, Dec. 31-2 Jan., 2005
- Approach to Health and Happiness in Indian Thought, Jaipur, Dec. 16-18, 2005
- Cultural Consciousness in Ancient Indian Society, Delhi, Dec. 15-17, 2006
- Vedic Value System : Relevance, Vrindavan, Dec. 14-16, 2008
- Harappan Civilization and Vedic Culture, Dec. 24-25, 2008
- Creation and Existence: Indian Perspective, Delhi, Dec. 24-26, 2009
- Relevance of Ayurveda, Hyderabad, Delhi, Jan. 21-23, 2011
- Veda and Thought Revolution, Haridwar, March 14-17, 2012.
- Vedic Views on Man and Nature, Delhi, Dec. 24-26, 2012
- Vedic Views on Education and Morality, Lucknow, Nov. 22-24, 2013
- Vedic Philosophical Tradition, Varanasi, Nov. 15-17, 2014
- Science and Spirituality in Vedic Traditions, Delhi, Nov. 27-29, 2015
- Scientific Aspects of Vedic Knowledge, Delhi, Dec. 15-18, 2016
- Practical Aspects of Vedic Knowledge, Delhi, Dec. 10-12, 2017
- Vedic Perspectives of Indian Arts, IGNCA, Delhi, Nov. 27-29, 2018
- Vedic Wisdom and Women: Contemporary Perspective IGNCA, Delhi, Nov. 5-7, 2019
- Impact of Vedic Wisdom on the World Today, Webinar, Dec. 2020-Jan. 2021
- The Concept of Liberty and Equality in Vedic Perspective, webinar, Delhi, Dec 10-12, 2021
- (27th India Conference) Man and Nature in Vedic Tradition : Modern Perspective, South Campus, DU, 1-3 Dec. 2023.
- (28th India Conference) Prevention, Management and Resolution of Conflicts in Vedic Tradition, Orlando, USA, 13-15 September, 2024 (Offline & Online Mode).

WAVES कुलगीत

वेदाध्ययन है लक्ष्य हमारा,
वेव्स है माध्यम जिसका न्यारा।।

अपरा से जीवन निखारकर, परा से पाएँ अक्षर–ज्ञान।
सत्यं शिवं सुन्दरं के हम, सिद्ध कर पाएँ सब वरदान।।
यही परम उद्देश्य हमारा, वेदाध्ययन है लक्ष्य हमारा।।
वेव्स है माध्यम जिसका न्यारा।।

वेव्स दे रहा बोध–तरंगें, भारत की विद्या पहचानें।
वेद–पुराण–स्मृति–ग्रंथों में निहित अमूल्य सार हम जानें।।
तत्त्वज्ञान ही बोध्य हमारा, वेदाध्ययन है लक्ष्य हमारा।।
वेव्स है माध्यम जिसका न्यारा।।

दशकों से है वेव्स दे रहा, अवसर चर्चा का, चिंतन का।।
एक मंच पर सबको लाना, ध्येय रहा हर सम्मेलन का।।
वैश्विक–हित कर्तव्य हमारा, वेदाध्ययन है लक्ष्य हमारा।।
वेव्स है माध्यम जिसका न्यारा।।

ऋतंभरा प्रज्ञा से युत हों, भ्रमजालों से दूर बचें हम।
स्वस्ति भावपूरित जीवन हो, अनृत–मार्ग से दूर रहें हम।।
चिदानंद गंतव्य हमारा, वेदाध्ययन है लक्ष्य हमारा।।
वेदाध्ययन है लक्ष्य हमारा,
वेव्स है माध्यम जिसका न्यारा।।

लेखिका द्वयः
डॉ. प्रवेश सक्सेना, डॉ. शशि तिवारी

मिराण्डा हाउस कॉलेज का गीत

- आजाद धरा पर हम जन्मे, हम आजादी के दीवाने।
  आजाद हवाओं में उड़ने वाले, हम पंछी मस्ताने।

- धरती पर पॉव हमारे हैं, सपने आकाश से ऊँचे हैं।
  पूरब से लेकर पश्चिम तक, हममें से ही कुछ पहुँचे हैं।
  बेजोड़ हमारी हस्ती है, बेजोड़ हमारी मस्ती हैं।
  बेजोड़ हमारे सपने हैं, बेजोड़ हमारे अफसाने।।
  आजाद धरा पर हम जन्मे....

- हम नहीं लीक पर चलते हैं, खुद अपनी राह बनाते हैं।
  हम हरदम आगे रहते हैं, खुद रेले पीछे आते हैं।
  हम तो राही मतवाले हैं, हम तूफानों के पाले हैं।
  हम खुद को आप सँभाले हैं, हम बाधाओं से अनजाने।।
  आजाद धरा पर हम जन्मे....

- उड़ती तिथियाँ, भगते संवत् भी हम को रोक नहीं पाए।
  हम अपनी धुन में लगे हुए, हैं आज यहाँ तक बढ़ आए।
  हम सिंहवासिनी जैसे है, हम हंसवाहिनी जैसे हैं।
  हम मधुर रागिनी जैसे हैं, निकले हैं जग में छा जाने।।
  आजाद धरा पर हम जन्मे.....

- हो कला क्षेत्र या फिल्म जगत, हर ओर हमारे चर्चे हैं।
  इतनी बुलंदियाँ छूने को, कितने दिन हमने खर्चे हैं।
  है नाज हमें अपने ऊपर, अपनी अनमोल विरासत पर।
  है नाज मिरांडा हाउस पर, इस बात को सारा जग जाने।।
  आजाद धरा पर हम जन्मे.....

Time Schedule of Sessions

29th India Conference of WAVES

FIRST DAY–4 DEC., 2025	
Registration	From .9 00 a.m. onward on venue
Tea	10.00 a.m. to 10.30 a.m.
Inaugural Session (MiniAudi.)	10.30 a.m. to 01.00 p.m.
Lunch	01.00 p.m. to 02.00 p.m.
Academic Session-I(Room 119)	02.00 p.m. to 3.30 p.m.
Academic Session II (Young Scholars I)(Room 120)	02.00 p.m. to 3.30 p.m.
Tea Break	03.30 p.m. to 3.45 p.m.
Academic Session-III (Room119)	03.45 p.m. to 5.30 p.m.
Academic Session-IV (Room120)	03.45 p.m. to 5.30 p.m.
SECOND DAY–5 DEC., 2025	
Academic Session-V (Room119)	10.00 a.m. to 11.30 a.m.
Academic Session -VI (Room 120)	10.00 a.m.to11.30 a.m.
Tea	11.30 a.m. to 11.45 a.m.
Academic Session- VII (119)	11.45 a.m. to 01.15 p.m.
Academic Session- VIII (120)	11.45 a.m. to 01.15 p.m.
Lunch	01.15 p.m. to 02.15 p.m.
Academic Session-IX (Room 119) 02	2.15 p.m. to 03.45 p.m.
Academic Session-X (Room 120) 02	2.15 p.m. to 03.45 p.m.
Academic Session –XI (Room 119) 3	03.45 p.m. to 05.30 p.m.
Academic Session XII (Room 120) 3	03.45 p.m. to 05.30 p.m.
THIRD DAY–6 DEC., 2025	
Academic Session (Online)-XIII (Video Room)	08.30 a.m. to 10.00 a.m.
Academic Session XIV (Room 119)	10.00 a.m. to 11.30 a.m.
Academic Session (Young Scholars II)–XV(Room 120)	10.00 a.m. to 11.30 a.m.
Tea	11.30 a.m. to 12.00 a.m.
Valedictory Session (Mini Audi)	12.00 a.m. to 02.00 p.m.
Lunch	02.00 p.m. to 03.00 p.m.